INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
दैनिक
# यूनिक समय
मथुरा से प्रकाशित

RNI-UPHIN/2023/85053
Sweety Supari
INDIA's FAVOURITE
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-447 | मथुरा, शुक्रवार, 17 मई 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### परिवार की उपेक्षा से वृद्ध ने लिया जान देने का फैसला

## केसीघाट पर यमुना में लगाई छलांग

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन (मथुरा)।** एक बेटे और छह बेटियों के वृद्ध बाप को बीमारी और भुखमरी ने ऐसा तोड़ दिया कि वह आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर हो गया। मगर नियति को कुछ और ही मंजूर था। केसीघाट पर यमुना के गहरे पानी में कूदने के बाद भी नाविकों ने उसे बचा लिया।

छटीकरा के रहने वाले वृद्ध गिर्राज सिंह की कहानी भी बड़ी ही विचित्र है। बताया गया कि वह पिछले आठ दिनों से बीमार चल रहे है। इसके साथ ही



परिवार के लोगों द्वारा भी उसकी उपेक्षा की जा रही थी। एक तो बीमार ऊपर से उसे खाना भी नहीं दिया जा रहा था। परिवारिजनों की इस उपेक्षापूर्ण व्यवहार ने वृद्ध गिर्राज सिंह को इतना विचलित कर दिया कि उसने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का फैसला लिया।

### नाविकों और गोताखोरों ने बचाई जान

### वृद्ध को दामाद लेने के लिए आया

शुक्रवार की दोपहर वृद्ध ने केसीघाट के पौंटून पुल पर गहरे पानी में छलांग लगा कर मौत को गले लगाना चाहा। मगर नियति को कुछ ही और मंजूर था। वृद्ध के यमुना में छलांग लगाते ही वहां घाट पर बैठे नाविकों ने उसे देखा तो तुरंत बचाने के लिए यमुना में कूद गए। काफी मशक्कत के बाद नाविकों ने उसे निकाल लिया। वृद्ध से नाविक बलबीर, गुलाबसिंह ने आत्महत्या करने का कारण के बारे में जाना तो लोग चकित रह गए। वृद्ध का एक पुत्र और छह बेटियों का भरा पूरा परिवार है। इस परिवार के मुखिया गिर्राज को उसके घर में कोई दो समय की रोटी देने को भी तैयार नहीं है। जिससे त्रस्त होकर उसने इस तरह का फैसला लिया। यहां बताते चलें कि गिर्राज सिंह की दो बेटियों की शादी हो चुकी है। फोन पर सूचना देने के बाद वृद्ध का दामाद उसे अपने साथ ले गया।

### मंडलायुक्त कल मथुरा में

## विकास प्राधिकरण के कार्यों की करेंगी समीक्षा

### पर्यटन विकास के कार्य व विकसित होने वाली कॉलोनियों का जानेंगी हाल

### वर्तमान में एमवीडीए का चल रहा है 200 योजनाओं पर कार्य

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी 18 मई को मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण की ओर से जनपद में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के लिए आएंगी। इस दौरान मंडलायुक्त कुछ प्रमुख योजनाओं का मौके पर जाकर अवलोकन कर सकती है। विगत दो दिन से एमवीडीए के अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। विप्रा उपाध्यक्ष व सचिव अपने अधीनस्थों के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं।

मंडलायुक्त 18 मई को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की पर्यटन विकास की मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोवर्धन व अन्य स्थानों पर चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगी। इसके अलावा उत्तर



ऋतु माहेश्वरी

प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के जो कार्य एमवीडीए द्वारा कराये जा रहे हैं उनकी वस्तुस्थिति की जानकारी करेंगी। बतादें कि मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा 200 से अधिक योजनाओं पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कराये जा रहे हैं। पूर्व में भी उन्होंने कई योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

इसके अलावा एमवीडीए द्वारा प्रस्तावित कॉलोनियों की भी जानकारी अधिकारियों से करेंगी।मंडलायुक्त के दौरे को ध्यान में रखते हुए एमवीडीए के उपाध्याक एसवी सिंह व सचिव अरविंद द्विवेदी स्वयं जहां कार्य चल रहे हैं उनका निरंतर दौरा कर रहे हैं। हाल ही में वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना की प्रस्तावित योजनाओं को देखने के लिए मौके का निरीक्षण किया। बरसाना के रोप वे को 15 जून तक चालू करने व बरसाना को वैष्णोदेवी की तर्ज पर विकसित करने की कार्य योजना तैयार की जा रही है।

### लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार का फैसला

## 41 और दवाओं की कीमत होंगी कम

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की ओर से 41 दवाओं तथा सात फॉर्मूलेशन की कीमतें घटाने के फैसले का असर आने वाले समय में दिखाई देगा। हालांकि अभी मेडिकल स्टोरों के संचालकों का कहना है कि कीमत कम करने के फैसले की खबर समाचार पत्रों में आई है। दवा कंपनी कीमत कम करेंगी तो जनता को जरूर राहत मिलेगी। बताते चलें है कि केद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव के बीच यह बात किसी से छिपी नहीं है कि आमतौर पर इन्फेक्शन, एलर्जी के अलावा मल्टीविटामिन व एंटीबायोटिक दवाओं की कीमतें अधिक होती हैं। इससे सामान्य इलाज का खर्च भी अधिक हो जाता है। फरवरी में एनपीपीए ने शुगर और बीपी सहित 69 दवाओं के दामों में संशोधन करते हुए नई कीमतें लागू की थीं, जिसमें 31 फॉर्मूलेशन वाली दवाएं भी हैं। आदेश में विटामिन डी3,

### मेडिकल स्टोर संचालक बोले.. नया स्टॉक आने पर मिलेगी राहत

### रोगी के परिवारिजनों की आवाज, दवा सस्ती मिलेगी तो अच्छा

पेंटाप्राजोल, टेल्मिसर्टन, आइसोनियाजिड के अलावा मेटफॉर्मिन, सीटाग्लिप्टिन, बिसोप्रोलोल जैसी दवाएं और फॉर्मूलेशन शामिल हैं। सरकार का मानना है कि देश में करीब 10 करोड़ से ज्यादा शुगर, आठ करोड़ से ज्यादा लोग बीपी से ग्रस्त हैं। गैस, विटामिन डी या फिर अन्य विटामिन की कमी से इनकी दवाओं का कारोबार भी हर साल तेजी से बढ़ रहा है। अनुमान के मुताबिक, एनपीपीए के इस फैसले से 30 करोड़ से ज्यादा लोगों को सीधे तौर पर आने वाले समय में राहत मिलेगी।

### नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने लिया फैसला

## मेट्रो सिटी के पैटर्न पर प्रचार के लिए एलईडी और लाइटिंग पोल लगेंगे

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा–वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने मेट्रो सिटी के पैटर्न पर प्रचार के लिए एलईडी और लाइटिंग पोल लगाने का निर्णय लिया है। यह तय स्थानों पर ही नजर आएंगे।

नगर आयुक्त ने राजस्व चोरी के साथ शहर की छवि के प्रभावित करने वाले होडिंग और यूनीपोल को हटाकर इन्हे मेट्रो सिटी पैटर्न पर लगवाने का फैसला किया है। इसके तहत मथुरा वृंदावन में 10 स्थानों पर एलईडी लगाई जाएंगी। अन्य 74 स्थानों पर लाइटिंग वाले विशेष डिजाइन में यूनीपोल लगवाए जाएंगे। इसमें 26 स्थानों के लिए एजेंसी भी तय



शशांक चौधरी

कर दी गई है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बताया कि इस नई व्यवस्था के साथ अवैध होडिंग को रोकने के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था की जाएगी। इससे कोई भी नगर निगम का कर्मचारी पता लगा सकेगा कि अमुक अवैध होडिंग है।

## तेरहवीं से पहले सुसराल व मायका पक्ष में चले लाठी डंडे

यूनिक समय, मांट (मथुरा)। जमीन की वसीयत को लेकर गांव जावरा में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें ननद भाभी और मां घायल हो गए। बुजुर्ग विजयपाल लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। बीमार विजयपाल ने अपनी बेश कीमती जमीन की वसीयत अपनी दो पुत्रियों सत्यवती व इंद्रवती के नाम कर दी थी। आज से 12 दिन पहले विजयपाल की मौत हो गयी। शुक्रवार को उसका तेरहवी संस्कार था। गुरुवार को विजयपाल की पुत्र वधु पिंकी पत्नी राहुल को किसी भी तरह जानकारी हो गयी तो उसने राया के गांव जासा निवासी अपने मायका पक्ष के लोगों को बुला लिया,और गुरुवार की रात को पिंकी की सुसराल व मायका पक्ष में वसीयत को लेकर जमकर लाठी डंडे चले जिसमें पिंकी उसकी ननद सत्यवती और सत्यवती की दादी शिवदेवी घायल हो गए। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तीनों घायलों का चिकित्सीय परीक्षण करा कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ककक

### चिलचिलाती धूप में काम करने का मन नहीं करता

## गर्मी और महंगाई के बीच पिसते मजदूर

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** भगवान भास्कर के तल्ख तेवरों के कारण पड़ रही गर्मी और दूसरी ओर बाजार में बढ़ रही महंगाई के बीच गरीब मजदूर पिस गया। दिन निकलने के साथ गर्मी का कहर शुरू हो जाता है तो मजदूर काम करने के लिए निकल नहीं पाता है। वह काम पर नहीं जाएगा तो पगार कैसे मिलेगी। पगार नहीं मिलेगी तो परिवार का पालन पोषण कैसे होगा। बाजार में महंगाई के कारण दुकानदार उधार से बचता है। इस कारण गरीब और मजदूर के सामने खाने का संकट खड़ा हो जाता है।

पिछले दो सप्ताह से गरीब और मजदूरों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गय। भीषण गर्मी में वह काम पर नहीं जा पा रहे हैं। इस कारण उनको मजदूरी नहीं मिल रही है। मजदूरी न मिलने के कारण एक नहीं कई मजदूर परिवारों के सामने खाना खाने का संकट खड़ा




हो गया है। वजह है पैसा न होने के कारण दुकानदार उधार सामान नहीं देते हैं। वैसे भी बाजार में महंगाई के कारण उनकी पगार में घर का सामान नहीं आ पाता है। मजदूर राम सिंह का कहना है कि गर्मी में काम करते हैं तो बीमार होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए काम पर नहीं जाते हैं।

### बीमार होने पर मजदूरी में मिले रूपये डॉक्टर ले लेता है

बिहार से आई फूलवती का कहना है कि उनके पांच बच्चे और पति समेत परिवार है। पति और पत्नी बेलदारी करते हैं। लेकिन गर्मी के कारण घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसी स्थिति में पूरा परिवार गर्मी और महंगाई के बीच पिस रहा है। काम न मिलने पर परिवार के सदस्य आश्रमों पर वितरण होने वाली रोटी, चावल, सब्जी, चाय लेकर अपना पेट भरते हैं। चैतन्य विहार क्षेत्र में झुग्गियों में रहने वाले कई परिवारों का कहना है कि उनके झुग्गियों में बिजली तक नहीं है। गर्मी में बच्चे अकुलाते रहते हैं। रात को मच्छरों का प्रकोप रहता है। दिन में तेज धूप से मन बैचेन रहता है तो रात को नींद नहीं आती है।






## गर्मी का कहर — आसमान से बरसती आग से लोगों का बदन झुलसने लगा

# 44 डिग्री सेल्सियस तापमान से हर कोई परेशान


आसमान से बरसती आग से बचने के लिए एक परिवार के तीन सदस्य।


बोतल में भरे पानी से प्यास बुझाता एक बालक।


शहर में एक प्याऊ से पानी पीती एक महिला।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार का दिन। सुबह का पारा 28 डिग्री सेल्सियस। भगवान भास्कर के तल्ख तेवरों के साथ पारा चढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ और सायं तक 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आसमान से बरसती आग से लोगों का बदन झुलसने लगा। मौसम विभाग की मानें तो अभी दो-तीन दिन और ऐसे ही मौसम से गुजरना होगा। बढ़ते तापमान के कारण पंखा, कूलर और एसी की हवा भी बदल गई। आखिर लोग अब जाएं तो कहां जाएं।

कई दिनों से तापमान बढ़ने के साथ गरमी का भी सितम बढ़ गया। आसमान से बरसती आग के बीच गरम

### जिले भर के लोग विद्युत कटौती से परेशान हो चले

हवा के थपेड़े लोगों को सहन करने पड़ रहे हैं। सरकारी बसों में लोगों को मुश्किल भरी यात्रा करने को विवश होना पड़ रहा है। यही हाल ऑटो और टेपों में यात्रा करने वालों का हो रहा है। स्कूल से घर लौटते बच्चों की वाहनों में बैठे-बैठे हालात दयनीय हो रही है। वह सोचते हैं कि कैसे जल्दी घर पहुंचे। मथुरा, वृंदावन, कोसीकलां, राया, फरह, छाता, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, गोकुल और बल्देव आदि क्षेत्रों विद्युत कटौती से लोग अकुला रहे हैं। शिकायत करने पर विद्युत सब स्टेशनों पर फोन उठाने से कर्मचारी पीछे हट रहे हैं। ऐसा लगता है कि शायद उनको जनता की चिंता नहीं हैं। रास्ते में लोगों को प्यास लग रही है तो प्याऊ देखते हैं तो पानी पीने के लिए बढ़े चले जाते हैं या फिर बोतल खरीदकर पानी पीते हैं।

### हीट वेव/लू के प्रकोप से बचाव हेतु क्या न करें

बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में अकेला न छोडें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है। भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें क्योकि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं, दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिड़की व दरवाजे खुले रखें।

## मथुरा में 20 मई तक हीट वेव का असर

**यूनिक समय, मथुरा।** भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग, राज्य मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 17 से 20 मई 2024 के मध्य में प्रदेश के अन्य जनपदों के साथ-साथ जनपद मथुरा में हीट वेव (लू) चलने की सम्भावना हैं।

उन्होंने अधिकारियों व जनता को सतर्क करते हुए कहा है कि हीट वेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है, जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितियां हीट वेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। जिसके


### शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐंठन की बढ़ेगी शिकायत

कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐंठन की शिकायत आती है।

कभी-कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती हैं। शहरी क्षेत्र में तापमान उच्चतम हो जानें से अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन जानी है। हीट वेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होतें है।

### ये सावधानियां बरतें

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय मथुरा ने हीट वेव/लू के प्रकोप से बचाव हेतु लोगों को सलाह दी है कि वे कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजें से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें, हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडें पहनें, धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें, पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर मे अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें, खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नाारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नींबू का पानी, छाछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमाल करें, रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें, कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें, अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें।




## वृंदावन के पेट्रोल पंप पर शासनादेश की अनदेखी

**यूनिक समय, वृंदावन।** चुंगी चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर शासन के आदेश की अनदेखी की जा रही है। यहां रोजाना प्लास्टिक की टंकियों में खुले रूप से पेट्रोल दिया जा रहा है। ऐसे नजारे पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में देखे जा रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति यहां से प्लास्टिक की टंकी में पेट्रोल ले गया और उसने उसका उपयोग गलत रूप में कर लिया तो कौन जिम्मेदार होगा। कुछ दिनों पहले ही इसी पेट्रोल पंप पर घटतौली का मामला पकड़ में आया था। अब प्लास्टिक की टंकी में पेट्रोल दिया जा रहा है।

## साड़ी व्यवसायी अनिल मित्तल की कोठी में लगी आग

### काफी मशक्कत के बाद पाया गया काबू



**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा-वृंदावन रोड स्थित नवनीत कुंज में रहने वाले साड़ी व्यवसायी अनिल मित्तल की कोठी के एक कमरे में आग लगने की खबर से हड़कंप मच गया। कोठी के अंदर परिवार के लोग भी दहशत में आ गए। कॉलोनी में रहने वाले सभी लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करते रहे। लोगों ने फायर बिग्रेड के अफसर और 101 पर फोन किए पर किसी ने रिसीव नहीं किया। फिर उद्योगपति एवं जल पुरुष प्रमोद गर्ग कसेरे को फोन कर आग लगने की जानकारी दी। उन्होंने एफएसओ को लाइन पर लेकर आग लगने की जानकारी दी। उसके बाद प्रमोद गर्ग ने पानी से भरे टैंकर घटनास्थल पर भेज दिए। वह टैंकर फायर बिग्रेड की दमकल गाड़ियों से पहले यहां पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक-सवा घंटे बाद दमकल की गाड़ियां आ सकी। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है।

## क्लासीफाइड

### Name Change

I Have Changed My Name As Per Aadharcard & Other Document From Meera Agrawal To Mira Agrawal, In Future I Will Be Known As **Mira Agrawal W/o Gaur Sharan Agrawal R/o 166/1 Gali No. 2 Govind Bagh Vrindavan Bangar Vrindavan District Mathura U.P 281121**



## बीएसए के निरीक्षण से शिक्षक-शिक्षिकाओं में मचा हड़कंप

# स्कूल में चारपाई बिछाकर सोती मिली शिक्षिका



एक स्कूल में निरीक्षण के दौरान बीएसए सुनील दत्त उपस्थिति पंजिका को चेक करते हुए।

### कम मिला नामांकन

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय एदलगढ़ी, प्राथमिक विद्यालय घसियागढ़ी, प्राथमिक विद्यालय शंकरगढ़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय उदियागढ़ी, प्राथमिक विद्यालय मिठ्ठोली, उच्च प्राथमिक विद्यालय कौलाहर, उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरजू गढ़ी, प्राथमिक विद्यालय चौकड़ा, प्राथमिक विद्यालय डालगड़ी आदि का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्कूलों में नवीन नामांकन कम पाए गए, नामांकन के सापेक्ष छात्र उपस्थिति भी कम मिली। सभी स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं।

### एक दर्जन से अधिक शिक्षक व शिक्षा मित्र मिले अनुपस्थित

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कड़ाके की धूप और लू के थपेड़ों में शिक्षा का हाल जानने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त स्कूलों के निरीक्षण को निकल रहे हैं। लेकिन शिक्षक लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। एक ही दिन में उन्होंने नौहझील ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक स्कूलों में निरीक्षण किया। इससे स्कूल से गायब शिक्षकों में हड़कंप मचा मच गया है।

विकास खंड नौहझील में उच्च प्राथमिक विद्यालय सकतपुर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल सात शैक्षिक स्टाफ के सापेक्ष उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया कि सहायक अध्यापक बबीता शर्मा द्वारा विद्यालय खुलने के समय उपरान्त प्रातः 7:58 पर आकस्मिक अवकाश हेतु मानव सम्पदा पोर्टल पर आवेदन किया गया है। प्राथमिक विद्यालय इनायतपुर नौहझील में शिक्षा मित्र राजीव चौधरी अनुपस्थित पाये गये। प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर में शिक्षा मित्र श्रीकृष्ण शर्मा लगातार बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय भरतिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सहायक अध्यापक एजाज अहमद खान, अनिल कुमार एवं कृष्णवीर अनुपस्थित पाये गये। छात्र/छात्राओं के नामांकन मात्र 07 के सापेक्ष केवल 02 छात्र-छात्रा उपस्थित पाये गये। प्राथमिक विद्यालय नवीपुर के निरीक्षण में शिक्षिका मुमताज खां अनुपस्थित मिले। जहां छात्र/छात्राओं के नामांकन 78 के सापेक्ष केवल 20 छात्र-छात्रा उपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय प्रहलाद गढ़ी निरीक्षण के समय विद्यालय में शिक्षामित्र रश्मि अनुपस्थित पायी गयी।



बीएसए सुनील दत्त के निरीक्षण के समय प्राथमिक विद्यालय बाजना (प्रथम) बंद था।

प्रधानाध्यापक रिचा नेहराचारपाई पर सोती हुई पायी गयी। प्राथमिक विद्यालय बाजना (प्रथम) 7.35 बजे बंद मिला।

उन्हें पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीपुर में शिक्षक भूपेंद्र कुमार अनुपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय सुल्तान पट्टी के निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 5 शैक्षिक स्टाफ के सापेक्ष इंचार्ज प्रधानाध्यापक वन्दना तोमर, शिक्षक वीरेन्द्र सिंह एवं शिक्षा मित्र कु. ममता अनुपस्थित मिले।

बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ



Narayan Das Agrawal
Chancellor

बेटी कुदरत का है उपहार, इसको जीने का दो अधिकार

GLA UNIVERSITY MATHURA
Recognised by UGC Under Section 2(f)
Accredited with A+ Grade by NAAC
12-B Status from UGC
26 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE

Campus: 17km Stone, NH-19, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Email us at : admission@gla.ac.in
+91-9027068068 www.gla.ac.in

# कार बैक करने पर टूटे चबूतरे को लेकर विवाद

कार्यालय संवाददाता

### पुलिस के पहुंचने से पहले भागे पत्थर बाज

### पुलिस नामजदों की गिरफ्तारी को दे रही है दबिश

**यूनिक समय, मथुरा।** बालाजीपुरम की सरोज बिहार कॉलोनी में कार बैक करते समय पड़ोसी का चबूतरा टूटने के मामले ने इतना तूल पकड़ा कि दबंग पड़ोसियों ने दिल्ली पुलिस कर्मी के घर पर जमकर पथराव किया। गुरुवार की रात 11 बजे हुई घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के आते ही पथराव करने वाले फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

बालाजीपुर के सरोज विहार कॉलोनी में रहने वाले कुमर सिंह दिल्ली पुलिस में हैं। उनके मकान में एक लड़का किराए पर रहकर पढ़ाई कर रहा है। गुरुवार शाम को वह कार को बैक कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी सुरेश के मकान का चबूतरा टूट गया। सुरेश ने कुमर सिंह को फोन पर बताया। कुमर सिंह ने बताया, पड़ोसियों के चबूतरे की ईंट हट गई थी। इसे बनवा दिया था। लेकिन पास ही नाली के कारण सीमेंट उखड़ गया। इसको लेकर दबंग पड़ोसियों ने रात 11 बजे कुछ लड़कों को बुलाकर घर पर गली गलौच करने के साथ पथराव कर दिया।

घर पर महिलाएं और बच्चे पथराव से घबरा गई। पथराव से कॉलोनी में हड़कंप मच गया। हाईवे पुलिस को भी इस बारे में पता लगा तो मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस को आया देख पथराव करने वाले भाग गए। हाईवे थाना प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया, शिकायती-पत्र मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं।

# अपहरण के आरोपी की जमानत खारिज

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नया बस अड्डे के निकट से 15 फरवरी 2024 की शाम को प्रापर्टी डीलर कृष्ण कुमार सिंघल का कुछ लोग कार में डालकर अपहरण कर ले गए थे। पति का अज्ञात कार सवार लोगों द्वारा अपहरण कर लिए जाने की रिपोर्ट पत्नी दीप्ति सिंघल ने शहर कोतवाली में दर्ज कराई थी। शहर के बीच से प्रापर्टी डीलर का अपहरण कर लिए जाने की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने जुनैद उर्फ वकील को गिरफ्तार किया था। जेल में निरूद्ध जुनैद ने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत के लिए जिला जज आशीष गर्ग की अदालत में अर्जी दी। शुक्रवार को उसकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता शिवराम तरकर ने बताया कि उनके द्वारा जमानत याचिका अदालत में पुरजोर विरोध किया गया। अदालत ने जुनैद की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

# राजपुर में रिक्शा न हटाने पर हुआ झगड़ा

### दबंगों ने महिला बच्चों सहित नौ लोगों को किया घायल

### पुलिस पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत के गांव राजपुर में दबंगों ने ट्रैक्टर के सामने से ई रिक्शा न हटाने पर ट्रैक्टर चालक के साथ मारपीट की। इसके बाद दबंगों ने उसके परिवार के लोगों के साथ भी मारपीट की। महिला बच्चों सहित नौ लोग घायल हो गए।

राजपुर निवासी विष्णु की पत्नी रुकमणि ने शिकायती पत्र में कहा कि उसका देवर कान्हा उर्फ कन्हैया 14 मई को ट्रैक्टर से मजदूरी कर घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के दुलीचंद ने ट्रैक्टर के आगे ई रिक्शा अड़ा दिया। हटाने की कहने पर दुलीचंद और ई-रिक्शा में बैठे लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। कान्हा इस बात की शिकायत करने के लिए दुलीचंद के घर गया तो उसके साथ दुलीचंद हीरा, धमेंद्र, भूप सिंहब, सतीश, रामबाबू, मोहन व सरवर ने मारपीट कर उसे दुकान में बंद कर दिया। कन्हा दुकान की शटर खोल कर निकल भागा।

इस पर हथियारों से लैस हमलावरों ने घर पर आकर मारपीट की जिससे कान्हा, रुकमणि, विष्णु, लक्ष्मी, सोमवीर, दीपा, नत्थो देवी व आठ साल का बच्चा भी घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित परिवार ने एसएसपी ऑफिस आकर इस मामले में कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

### भाकियू भानू की महानगर अध्यक्ष बनी रेनू शर्मा

**यूनिक समय, मथुरा।** भाकियू भानु महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी एवं विजय सिंघल ने श्रीमती रेनू शर्मा को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराकर महिला मोर्चा का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया है।

के.डी. मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर
अकबरपुर, छाता, मथुरा
हैल्पलाइन नं. 7055400400, 7088105741

न्यूरोलॉजी विभाग



Dr. Prince Agrawal
DM NEUROLOGY
G.B. Pant Hospital, New Delhi
(Neurophysician)

दिमाग एवं नसों के समस्त रोगों का इलाज
- लकवा, दौरे तथा खून का बहना Brain Stroke (Paralysis), Brain Hemorrhage
- दौरे पड़ना (Epilepsy)
- सिर दर्द (Headache, Migraine)
- पीठ में दर्द, कमर दर्द, नसों की दिक्कत
- पार्किन्सन रोग का होना Parkinson's Disease Movement Disorders (Dystonia)
- मस्तिष्क ज्वर, मेनिनजाइटिस (ब्रेन टी. बी.) Encephalitis, Meningitis (Brain TB)
- मल्टीपल स्केलेरोसिस/ऑप्टिक न्युरेटिस Multiple Sclerosis/Optic Neuritis
- याददाश्त का कमजोर होना Memory Loss (Dementia, Alzheimer Disease)
- माँसपेशी का नष्ट होना Myopathy/Muscular Dystrophy, Neuromuscular Disease
- नसों में कमजोरी होना Peripheral Neuropathy, GBS, CIDP Monoeuritis Multi
- लम्बर एवं सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटस Lumbar & Cervical Spondylitis
- बेहोशी का होना (Syncope)
- सिर चकराना (Vertigo)
- नींद का विकार (Sleep Disorder)
- इलेक्ट्रोफिजियोलश्रजिकल स्टडीज Electrophysiological studies
- कंपन की शिकायत

| TEST | MARKET RATE | OUR RATE |
|---|---|---|
| NCV 2 Limb | 2500 | 1500 |
| NCV 4 Limb | 4000 | 3000 |
| EMG 2 Limb | 2500 | 1500 |
| EMG 4 Limb | 4000 | 3000 |
| EMG Surface Single Limb | 2000 | 800 |
| EMG Surface Double Limb | 3500 | 1500 |
| Blink Reflex | 4000 | 2500 |
| RNS | 4000 | 2500 |
| BAER | 3000 | 1500 |
| VEP | 3000 | 1500 |
| SSEP | 4000 | 2500 |
| EEG (Routine) | 2000 | 1000 |

ओ.पी.डी. प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक
24/7 आपातकालीन

फ्री ओ.पी.डी.
नं. 6 कमरा नं. 2136

Tremors

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत से ईलाज की सुविधा
भारतीय रेलवे से सम्बद्ध
हेल्थ इंश्योरेंस से कैशलेस ईलाज की सुविधा
ECHS की सुविधा



# बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने बरामद किए 15 देशी तमंचे व कारतूस

## हथियार लेने वाले बदमाशों की तलाश कर रही है पुलिस

कार्यालय संवाददाता



हथियारों की तस्करी करने के आरोप में पकड़े गए तस्कर के बारे में जानकारी देते एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय।

**यूनिक समय, मथुरा।** बदमाशों से मिली जानकारी के आधार पर हाईवे थाना पुलिस ने हथियारों की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक दर्जन से अधिक हथियार व कारतूस बरामद हुए हैं।

शुक्रवार को एसएसप शैलेश कुमार पांडे ने पत्रकारों को बताया कि जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एसपी सिटी डॉ.अरविंद कुमार एवं रिफाइनरी के नेतृत्व में देर रात तक इलाके में गश्त और चेकिंग चलाई गई। इंस्पेक्टर हाईवे को इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि हथियारों की तस्करी करने वाला तस्कर इधर से गुजरने वाला है। थाना हाईवे पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से जाल बिछाया। भरतपुर रोड स्थित बजंरग धाम कॉलोनी की तरफ से मोटरसाइकिल पर एक युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे मौका दिए बगैर दबोच लिया। गिरफ्त में आए अलीगढ़ निवासी अजीम उर्फ गटुआ की तलाशी की गई तो उसके पास 15 तमंचे 315 बोर व कारतूस भी पुलिस को मिले हैं।

एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि गत दिनों हाईवे क्षेत्र में डकैती की योजना बनाते हुए कुछ बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

इस हथियार तस्कर के बारे में उन बदमाशों से जानकारी हुई थी। गिरफ्तार अभियुक्त पर 11 अपराधिक मामले दर्ज है। इसके बारे में जानकारी कराई जा रही है कि इसने किन और बदमाशों को हथियारों की बिक्री की है।

## वांछित लुटेरा गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** हाईवे पुलिस ने लूट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

चौकी प्रभारी सतोहा कपिल नागर ने चेकिंग के दौरान श्रीजी बाबा स्कूल के सामने बाकलपुर से गांव दतिया निवासी कन्हा को गिरफ्तार किया है। कन्हा लूट के मामले में वांछित चल रहा था।




# तेंदुलिहा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में प्राचीन और दुर्लभ वस्तुएं

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** संग्रहालय के आकर्षणों की विविधता निस्संदेह बढ़ रही है। इसमें शास्त्रीय संगीत, कला और खेल से लेकर समकालीन फिल्म, खिलौने और युद्ध प्रदर्शनियों तक सब कुछ शामिल है। संक्षेप में, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है।

सरकारी प्रयासों से एकत्रित धरोहरों को तो सब देखते है लेकिन व्यक्तिगत प्रयासों से संग्रहित की गयी पुरानी धरोहरों को देखना है तो आइए राजेश सेन के तेंदुलिहा पुस्तकालय एवं संग्रहालय राधापुरम बिरला मंदिर के पास। जहां आपको बाबा के जमाने की बहुत सी वस्तुएं देखनें को मिलेंगी जो अब भौतिक युग में लुप्त हो गयी।



राजेश सेन ने अपने संग्रहालय में प्राचीनतम ईट, नोट, सिक्के, सरौते, स्याही की दवातें, फोन, विभिन्न रजवाड़ों के बांट, सेर आदि को संग्रहित किया हुआ है।

# लिपिक से हुई अभद्रता के मामले में बीएसए सख्त

## चार शिक्षकों के खिलाफ थाना हाईवे में तहरीर

## जवाब से संतुष्ट नहीं हुए बीएसए, पुनः नोटिस जारी कर तीन दिन में मांगा जवाब

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** धौलीप्याऊ क्षेत्र स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक ब्रजराज सिंह से आठ मई को शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह (प्राथमिक विद्यालय पीरी मांट) व अन्य शिक्षकों द्वारा की गई अभद्रता, गाली गलौज एवं धमकाने के प्रकरण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने नोटिस जारी किए थे। नोटिस के जबावों से वह संतुष्ट नजर नहीं आए तो पुनः शिक्षकों को नोटिस जारी कर तीन दिन में जबाव देने को कहा है, अन्यथा विधिक अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी है।

बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय डहरूआ के सहायक अध्यापक आलोक उपाध्याय, उच्च प्राथमिक विद्यालय झरौठा 2 बल्देव के प्रधानाध्यापक शक्ति सिंह, प्राथमिक विद्यालय नगला हरिया मांट विशाल पचौरी, प्राथमिक विद्यालय तालिया नीवगांव मांट के सहायक अध्यापक विनीत पाराशर को भी नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब देने को कहा है। वहीं इस संबंध में थाना हाईवे में रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर भी दी गई है।

बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि कार्यालय के स्टाफ की सुरक्षा करने का दायित्व उन पर है। कोई भी व्यक्ति अगर भय का माहौल व्याप्त करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# दो आवासीय योजनाओं का लांच जून में

## रजिस्ट्रेशन के बाद प्लॉटों के ऑनलाइन आवंटन होंगे

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना हनुमत विहार मघेरा वाले हनुमान मंदिर के पास और जैंत के निक गोविंद विहार में प्लॉटों का आवंटन ऑनलाइन होगा। संकेत मिले हैं कि जून माह से रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो जाएंगे। दोनों योजनाओं में आवेदन करने वालों के लिए प्लॉटों का आवंटन ई–लाटरी से किया जायेगा।

विकास प्राधिकरण ने यह दोनों आवासीय योजनाएं मुख्यमंत्री लैंड पूलिंग योजना के तहत भू स्वामी/काश्तकार की जमीन पर विकसित की हैं। भू स्वामी/काश्तकार को उनके हिस्से का प्लॉट विकसित कर दिया जायेगा जिस पर वह अपनी तय दर से प्लॉट विक्रय कर सकेंगे।

विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि दोनों योजनाओं को जल्द लॉन्च करने की सभी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई हैं। एचडीएफसी बैंक के माध्यम से इन दोनों योजनाओं के प्लॉट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे। प्लॉट की कीमत का दस प्रतिशत रजिस्ट्रेशन के साथ जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि हनुमत विहार योजना में 249 प्लॉट तथा गोविंद विहार योजना में 133 प्लॉट निर्धारित किए गए हैं। यह प्लाट विभिन्न साइज में होंगे। प्रथम फेस में आवासीय प्लॉट की ई लॉटरी होगी जबकि दूसरे फेस में व्यवसायिक प्लॉटों की नीलामी की जाएगी। इसमें दुकान भी शामिल रहेंगी।

विकास प्राधिकरण के ओ एस डी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार को दोनों कॉलोनी के ऑनलाइन सिस्टम के बारे में एच डी एफ सी बैंक के अधिकारियों से विस्तृत बातचीत हुई है।

# गांजा ले जाता एक व्यक्ति गिरफ्तार, गांजा बरामद

**यूनिक समय,मथुरा।** जैंत पुलिस ने भरतिया कट एनएच 19 के समीप से एक व्यक्ति को अवैध गांजा ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पांच किलो छह सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी जैंत अजय वर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि भरतिया कट के समीप एनएच 19 पर गांजे की खरीद फरोख्त होने वाली है। इस सूचना पर वह उप निरीक्षक मोहित कुमार और पुलिस टीम को लेकर वहां पहुंचे। पुलिस को वहां एक व्यक्ति मिला। पुलिस ने उसकी तलाशी की तो उसके पास से पांच किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त महेश उर्फ पेड़ा निवासी ग्राम भूपत नगर थाना किशनी जनपद मैनपुरी है।

## चौथ वसूली करने वाला गिरफ्तार तमंचा कारतूस भी किया बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** बल्देव पुलिस ने चौथवसूली करने वाले एक अभियुक्त को पुरानी बैंक अवैरनी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके कब्जे से एक देशी तमंचा भी बरामद हुआ है। बल्देव थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्यागी को बताया गया कि अवैरनी निवासी लेखराज ने अपने साथी टिंकूव राकेश के साथ एक व्यक्ति से एक हजार रुपये की चौथ मांगी थी। इन लोगों को वह पहले भी चौथ दे चुका था। लेकिन इस बार मना करने पर इन लोगों ने उसके साथ मारपीट भी की थी। इस मामले में इन लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। पुलिस को लेखराज के बारे सूचना मिली कि वह गांव में पुरानी बैंक के पास है। इस पर इंस्पेक्टर उप निरीक्षक नितिन राठी और उप निरीक्षक इंतजार अली फोर्स को लेकर उसे गिरफ्तार करने के लिए पहुंचे। पुलिस ने लेखराज को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पांच अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# गौ प्रतिष्ठा संकल्प यात्रा मथुरा पहुंची

## गायों की रक्षा को तीन दिवसीय महाकुंभ दिल्ली में

## गायों की रक्षा व सेवा की शपथ दिलाई

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत किया

प्रमुख संवाददाता




मथुरा में ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत करने के दौरान मथुरा के प्रबुद्ध लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गौ प्रतिष्ठा संकल्प यात्रा ने शुक्रवार को मथुरा प्रवास किया। मसानी बाईपास लिंक रोड स्थिति परिणय गार्डन के सभागार में उनका महाअभिनंदन, पादुका पूजन धर्म सभा की। धर्म सभा में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि नवंबर माह में गोपाष्टमी पर्व पर गायों की रक्षा, राष्ट्र माता घोषित कराने, गौ हत्या को कठोर दंडनीय अपराध घोषित कराने को तीन दिवसीय महाकुंभ दिल्ली में आयोजित होगा।

उन्होंने कहा उनकी यह यात्राएँ निरंतर जारी रहेंगी। अगले माह राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में अलख जगाने को धर्म सभाएं होंगी। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान में गायों की संख्या निरंतर कम हो रहीं। आजादी के समय में लोगों की जनसंख्या व गायों की संख्या का जो अनुपात था, वर्तमान में जनसंख्या तो बढ़ी है लेकिन उसके अनुपात में गायों की संख्या में काफी गिरावट चिंतनीय है। गायों के कटान पर सख्ती से कदम उठाना जरूरी है। यात्राओं का उद्देश्य गाय को भारत में प्रतिष्ठा दिलाना है।

इससे पहले बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष सर्वेश शर्मा एडवोकेट, मयंक शर्मा एडवोकेट ने शंकराचार्य की अगवानी कर पादुका पूजन व स्वागत किया। विप्रसेवी अमित भारद्वाज, सुनील अग्रवाल स्वीटी सुपारी, कन्हैया लाल गोस्वामी, कृष्णकुमार शर्मा मुन्ना भैया, कन्हैया अग्रवाल, रमाकांत गोस्वामी एवं रामगोपाल शर्मा एडवोकेट सहित अनेक लोगों ने शंकराचार्य का महाअभिनंदन किया।



# तीन पर्यटक गेस्ट हाउस को विकसित करने का कार्य शुरू



पर्यटक गेस्ट हाउस राही की बिल्डिंग को तोड़ना हुआ शुरू।



पर्यटक गेस्ट हाउस राधाकुंड।

गिरधारी लाल श्रोत्रिय

**यूनिक समय, मथुरा।** पर्यटन विभाग द्वारा जनपद के तीन गेस्ट हाउस को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने का कार्य प्रारंभ करा दिया है। ताकि ब्रज में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व सस्ती सुविधाएं मिल सकें।

राज्य सरकार की मंशा है कि पर्यटन विकास निगम के बंद पड़े या जर्जर हो चुके पर्यटक गेस्ट हाउस को पीपीपी मॉडल पर विकसित करके उनका संचालन कराया जाए। ताकि उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर व सस्ती सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी योजना के तहत जनपद के मथुरा महानगर के जंक्शन रोड स्थित पर्यटक आवास गृह, राही गेस्ट हाउस, गोकुल रेस्टोरेंट, वृंदावन का गेस्ट हाउस, राधाकुंड का पर्यटक आवास गृह, बरसाना का पर्यटक आवास गृह को इस योजना में शामिल किया गया था। इनमें जंक्शन रोड वाला पर्यटक आवास गृह पहले से पीपीपी मॉडल पर संचालित होने लगा है। जिला पर्यटन अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि अब एक संस्था को राही गेस्ट हाउस, गोकुल रेस्टोरेंट को दिया गया है। इनको उक्त संस्था तोड़ कर दोबारा बनाने का कार्य प्रारंभ करा रही है। राधाकुंड पर्यटक आवास गृह को भी पीपीपी मॉडल पर विकसित कर दिया गया है।

### सभी को प्राइवेट संस्था अपने हिसाब से करेंगी विकसित

### ब्रज में आने वाले यात्रियों को मिलेगी बेहतर व सस्ती सेवाएं

### बरसाना के आवास गृह में बाधा बनी कुंड की भूमि

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला पर्यटन अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि बरसाना के पर्यटन आवास गृह के पीपीपी मॉडल में संचालन करने में वृषभान कुंड की भूमि बाधा बन गई है। क्योंकि वृषभानकुंड पुरातत्व महत्व का स्थल है। इस कारण सरकार से इसकी अनुमति नही मिली।

### वृंदावन के आवास गृह पर नहीं हुआ कोई निर्णय

**यूनिक समय, मथुरा।** पागलबाबा मंदिर के सामने स्थित वृंदावन के पर्यटक आवास गृह के पीपीपी मॉडल पर संचालन की अभी कोई अनुमति नही मिली है। सूत्रों ने बताया कि इसको ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने संचालित करने में रुचि दिखाई थी। अभी तक सरकार ने इसको किसी को नहीं दिया है।


## उठावनी



**स्व. श्रीमती शारदा अग्रवाल**

बडे दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्य माताजी श्रीमती शारदा अग्रवाल (धर्मपत्नी स्व. श्री बाबूलाल अग्रवाल होटल वाले) का गोलोकवास दिनांक 16.05.2024 दिन गुरुवार को हो गया है। उठावनी (आज) दिनांक 18.05.2024 दिन शनिवार को महिलाओं/पुरूषों की अग्रवाटिका मसानी लिंक रोड, मथुरा पर सायं 4 से 5 बजे तक होगी।

शोकाकुल परिवार

पूनम-रमेशचंद, नीलम-अतुल
बबीता-कैलाशचंद, वैशाली-गिरधारीलाल
रुचि-सतीश (पुत्री-दामाद)
कंचन-रोहित शोरा, सोनल-वरूण
मीनल-मयंक, पलक-चैतन्य
(पौत्री-दामाद)
आशि, तरुषी, प्रतिक्षा (पौत्री)
मुकुल, रवि, सौरभ, विशाल,
विवेक, दीपक, हर्ष (धेवते)

शशिप्रभा
(देवरानी)
विनीता
रविन्द्र (टिल्लू)-अनीता
शैलेन्द्र (चीकू)-स्वेता (पुत्र-पुत्रवधु)
मनोज-प्रीति (भतीजा-भतीजावधू)
रोहित-नेहा, मोहित-मनी, रजत-गौरी
उदित, अविरल (पौत्र-पौत्रवधू)
लव्य, मिशिका, विहान (प्रपौत्र-प्रपौत्री)

एवं समस्त नवली बजाज परिवार

प्रतिष्ठान

•अग्रवाल रेस्टोरेंट •अग्रवाल रेस्टोरेंट एण्ड बैंक्वेट •अग्रवाल मैचिंग सेंटर
आगरा-दिल्ली बाईपास, मथुरा

मायका पक्षः प्रकाश चन्द्र कागजी (भाई) अरूण, विपिन, राजीव, उमेश, दीपक (भतीजे)
फर्म - गोकुल चन्द्र दुर्गाप्रसाद कागजी, गोकुल चन्द्र प्रकाश चन्द्र कागजी


# वाह री मांट पुलिस तेरे भी खेल निराले

**यूनिक समय, मांट (मथुरा)।** थाना पुलिस के कारनामे भी निराले हैं, एक गांव से बहला फुसला कर ले जाई गयी किशोरी के बरामद होने के बाद उसकी रिपोर्ट दर्ज की गई।

बुधवार की रात को मांट थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को पड़ोसी गांव का युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था, जिसकी तहरीर किशोरी के पिता द्वारा गुरुवार की सुबह दी गयी। तहरीर देने के कुछ समय बाद परिजन ही किशोरी को अलीगढ़ जनपद के एक कस्बा से बरामद कर लाये और पुलिस के सुपुर्द कर दिया और यहीं से पुलिस का खेल शुरू हो गया।

### किशोरी के बरामद होने के बाद लिखी गयी अपहरण की रिपोर्ट

रात 11 बजे रिपोर्ट दर्ज की गई और रात एक बजे किशोरी की बरामदगी परिजनों द्वारा पुलिस रिकॉर्ड में दर्शायी गई है। जबकि रिपोर्ट दर्ज होने से पहले ही किशोरी का थाने में आगमन वहां के सीसीटीवी में कैद है।

# सिम्स हॉस्पिटल की प्रथम वर्षगांठ पर 350 मरीजों को नि :शुल्क परामर्श



नि :शुल्क परामर्श शिविर में आए रोगियों की भीड़

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, सिम्स हॉस्पिटल के एक वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ चिकित्सक 16 से 25 मई तक मरीजों को निःशुल्क परामर्श दें रहे हैं। 250 से अधिक लोगों ने निःशुल्क परामर्श लिया। मरीजों को पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी पर 30% तथा दवाइयों पर 15% की छूट दी जा रही है। सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि समय समय पर निःशुल्क हेल्थ कैम्प लगाये जाते हैं ताकि समाज स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो। कहा कि सिम्स हॉस्पिटल में शीघ्र ही एम.आर.आई. और इस वर्ष आई.वी.एफ, किडनी ट्रांसप्लान्ट और कैंसर का सभी तरह से विश्वस्तरीय इलाज शुरू होगा।

# दामाद की हत्या में पांच ससुरालीजन दोषी करार

**यूनिक समय,मथुरा।** एडीजे एफटीसी द्वितीय सुशील कुमार की अदालत ने 2012 में गोली मारकर दामाद की हत्या करने वाले पांच ससुरालीजनों को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर अदालत कल सुनवाई करेगी।

शासन की ओर से मुकदमे की पैरवी कर रहे सहायक शासकीय अधिवक्ता सुभाष चतुर्वेदी ने बताया कि गांव पींगरी थाना शेरगढ़ निवासी प्रताप का बेटा सुभाष छाता स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। सुभाष 31 अगस्त 2012 की सुबह साढ़े आठ बजे घर से फैक्ट्री जाने के लिए निकला था। एक सितंबर की सुबह प्रताप को सूचना मिली कि उसके बेटे सुभाष का शव कामा रोड पर ग्राम लौहारवाटी (बरसाना) में बलवीर के खेत में शीशम के पेड़ के पास पड़ा है। प्रताप ने मौके पर पहुंच कर बेटे के शव की पहचान की। उसकी हत्या गोली मारकर की गई थी। प्रताप ने बेटे की हत्या का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाते हुए बरसाना थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में ग्राम धिलावटी थाना कामां जिला भरतपुर राजस्थान निवासी राजेन्द्र, रामदेव, भगवान सिंह, राजवीर व सुभाष को नामजद किया था। पुलिस ने सभी नामजदों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। मुकदमे की सुनवाई एडीजे एफटीसी द्वितीय सुशील कुमार की अदालत में हुई। एडीजीसी ने बताया कि अदालत ने राजेन्द्र, रामदेव, भगवान सिंह, राजवीर व सुभाष को हत्या का दोषी करार दिया है।

### सजा के बिन्दु पर अदालत में कल होगी सुनवाई

### ससुराल वालों ने की थी गोली मारकर हत्या

# रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने श्यामवीर व ममता होंगी शाखा मंत्री



रोडवेज कर्मचारी संघ मथुरा डिपो के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ मथुरा डिपो शाखा का चुनाव क्षेत्रीय अध्यक्ष रमाकांत त्यागी एवं क्षेत्रीय मंत्री ओमप्रकाश भगोर की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में शाखा अध्यक्ष श्यामवीर सिंह एवं शाखा मंत्री श्रीमती ममता शर्मा एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा को चुना गया है कार्यशाला शाखा अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह एवं मंत्री अजय पाराशर को पुनः जिम्मेदारी दी गई है। संचालन प्रदेश मंत्री जयप्रकाश शुक्ला ने किया।

# जीएलए के प्रोफेसर ने इंडोनेशिया के छात्रों को दिए टिप्स

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक संकाय, यूनिवर्सिटी पेंडीडिकन गणेशा, इंडोनेशिया ने जीएलए विश्वविद्यालय के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यवहार, अकादमिक सहयोग एवं यांत्रिकी अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान आयोजित किया।




पॉलिमर नैनो कंपोजिटः एक नवोन्मेषी पदार्थ विषय पर आयोजित व्याख्यान में जीएलए विश्वविद्यालय के यांत्रिकी (मैकेनिकल) विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर गौरव पंत ने इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं के साथ अपना क्षेत्र ज्ञान साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह बहुत उच्च स्ट्रेंथ टू वेट रेश्यो होने के कारण एयरोस्पेस, स्मार्ट पदार्थ, हाई स्पीड ऑटोमोबाइल आदि में पॉलिमर नैनो कंपोजिट का प्रयोग अद्यतन तकनीकी अनुप्रयोगों में किया जा सकता है। इस पदार्थ को बनाने हेतु एक मुख्य पॉलिमर पदार्थ में किसी उच्च गुणवत्ता वाले पदार्थ के अति सूक्ष्म नैनो पार्टिकल्स मिलाए जाते हैं, जिससे बहुत ही कम खर्च में अभूतपूर्व एवं वांछित पदार्थ के गुण प्राप्त हो जाते हैं।

करीब 2 घंटे चले व्याख्यान में विदेशी शिक्षकों तथा छात्रों ने अपने प्रश्नों का उत्तर भी गौरव पंत से प्राप्त किया। सभी छात्र विषयज्ञान से बहुत उत्साहित थे एवं भविष्य में उन्होंने जीएलए विश्वविद्यालय आने की इच्छा भी जताई। इंटरनेशनल रिलेशन एंड एकेडमिक कोलॉबोरेशन विभाग के डीन प्रो. दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय निरंतर विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों के संपर्क में है। उनके साथ अकादमिक गठजोड़ स्थापित कर रहा है। संचालन इंडोनेशिया यूनिवर्सिटी से डॉ. नोविया कुसुमायनी ने किया । डॉ. विंडु केसिमन ने जीएलए विश्वविद्यालय का आभार जताया।

मैकेनिकल विभागाध्यक्ष प्रो. पीयूष सिंघल ने कहा कि जीएलए में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक हैं। यही शिक्षक आज विद्यार्थियों के लक्ष्य को उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए जुटे हुए हैं। यही कारण है कि आज अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी जीएलए के शिक्षकों द्वारा अपने गुर साझा किए जा रहे हैं।

# भाकियू भानु ने जलकल के लिपिक को दिया ज्ञापन

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन भानु के नेताओं ने महानगर में गर्मी के मौसम में बिगड़ी मीठे पानी की व्यवस्था के संबंध में वॉटर बॉक्स पहुंचकर किसी अधिकारी के नहीं मिलने पर लिपिक को ज्ञापन दिया।

भाकियू भानू के महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, महानगर संयोजक विजय सिंघल, नगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी एवं युवा इकाई के नगर अध्यक्ष चिरागुद्दीन कुरैशी ने कहा कि भीषण गर्मी में महानगर की जनता को पीने का मीठा पानी नसीब नहीं हो रहा है। ज्ञापन में कहा है कि कटौती कुआं, बनखंडी, भैंस बहोरा, भरतपुर गेट, चौबिया पाड़ा, शंकर गली एवं घीया मंडी आदि क्षेत्रों में पानी का संकट व्याप्त है। मथुरा वृंदावन नगर निगम तो बन गया लेकिन नगर निगम की कोई सुविधा नहीं है। जनता को सिर्फ टैक्स के नाम पर लूटने का काम किया जा रहा है। अभी तक नई बस्ती क्षेत्र के वॉर्ड नंबर 22 में 7 नंबर से लेकर 11 नंबर गली में पानी नहीं पहुंचा।

## बदबूदार पसीने से उठानी पड़ती है शर्मिंदगी

# अपनाएं ये टिप्स, अंडरआर्म्स से आने लगेगी खुशबू



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गर्मी में पसीना आना आम बात है। गर्मी जब अपने शबाव पर होती है यानी जब गर्मी के मौसम में ह्यूमिडिटी आने लगती है तब पसीने की रफ्तार और बढ़ जाती है। पसीना आना कोई बुरी बात नहीं है लेकिन जब पसीने से बदबू आने लगती है तो कहीं बाहर जाने पर काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। कुछ लोगों के अंडरआर्म्स से बहुत बदबूदार पसीना निकलता रहता है। कुछ लोगों को हथेलियों, पैरों, अंडरआर्म्स, चेहरा और यहां तक कि प्राइवेट पार्ट्स से भी पसीना निकलने लगता है। बदबूदार पसीने निकलने के कई कारण हो सकते हैं

जब शरीर से बदबूदार पसीने निकलने लगे तो इसे हाइपरहाइड्रोसिस कहते हैं। इसके लिए जीन, मेडिकल कंडीशन और स्वेट ग्लैंड का अतिसक्रिय होना जिम्मेदार हो सकता है लेकिन ज्यादातर मामलों में हम बदबूदार पसीने के लिए खुद जिम्मेदार होते हैं। इसके लिए पर्सनल हाइजीन का ख्याल रखना यानी साफ–सफाई की बहुत जरूरत होती है। कुछ यूनिक टिप्स की मदद से बदबूदार पसीने की समस्या से निजात पा सकते हैं।

**एंटीपर्सपाइरेंट ड्योडरेंट**—मनीकंट्रोल में एक्सपर्ट के हवाले से बताया गया है कि बाजार में कई एंटीपर्सपाइरेंट ड्योडरेंट आते हैं जो बदबूदार पसीने की समस्या को कुछ दिन में खत्म कर सकते हैं। ध्यान रहे कि ऐसा ड्योडरेंट का इस्तेमाल करें जिसमें अल्यूमुनियम क्लोराइड हो। यह स्वेट ग्लैंड को बंद कर देता है और नमी को सोख लेता है। इसे रात में सोने से पहले लगाएं, कुछ दिनों में जादू की तरह असर होगा।

**सही कपड़े पहनें**—गर्मी के मौसम में हमेशा कम वजन वाले फेब्रिक पहनें जिससे हवा अंदर जा सके। इससे शरीर की नमी को सोखने में मदद मिलेगी। गर्मी में सूती या लिनेन के कपड़े पहनें। यह पसीने को सोख लेगा जिससे बदबूदार पसीना बाहर नहीं आएगा। टाइट फिटिंग न पहनें।

**हाइजीन और एंटी–बैक्टीरियल साबुन**—गर्मी में साफ–सफाई का विशेष ख्याल रखें। हर अंग को साफ करें। नहाते समय एंटी–बैक्टीरियल साबुन का इस्तेमाल करें, इससे बदबूदार पसीना से मुक्ति मिल सकती है। शरीर की पूरी स्किन की सफाई करें और कोशिश करें कि ये हमेशा सूखा रहे। इसमें नमी न आएं।

**कॉफी–शराब न पीएं**— कॉफी में कैफीन की मात्रा ज्यादा रहती है जो हाइपरहाइड्रोसिस को बढ़ाता है। इसलिए कॉफी का सेवन न करें। दूसरी ओर और शराब और स्पाइसी फूड भी पसीने को बढ़ा देगा। इसलिए इन चीजों से दूर रहें। ध्यान और योग भी बदबूदार पसीने से मुक्ति दिला सकते हैं।

**खूब पानी पीएं**—पसीना ज्यादा निकलता है, इसका मतलब यह नहीं कि आप कम पानी पीएं, इससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसलिए गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी पीएं। शरीर के तापमान को संतुलित करने के लिए पर्याप्त पानी पीना जरूरी है।

**नेचुरल रेमेडी**—बदबूदार पसीने पर काबू पाने के लिए कई तरह की नेचुरल चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सेज चाय फायदेमंद होती है।

यह पसीने को कम करती है। इसके साथ ही जहां से बदबूदार पसीना आता है वहां बेकिंग सोडा और पानी को मिलाकर लिक्विड तैयार करें और उसे प्रभावित जगह पर लगाएं।






# पहली बार ऑफिस जाने से पहले जरूर जान लें ये टिप्स



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अक्सर लोग अपनी पहली जॉब को लेकर काफी चिंतित रहते हैं और उनमें कॉन्फिडेंस की कमी होने लगती है। कॉन्फिडेंस की कमी के कारण कई लोग अपने सपनों को पूरा करने से डरते हैं। हम सभी यह बात जानते है की वर्क प्लेस पर हुनर और मेहनत ही काम आता है लेकिन कॉन्फिडेंस के बिना काम में संतुष्टि नहीं मिलती और असफलता का डर हमेशा बना रहता है। इसलिए आपके अंदर कॉन्फिडेंस का होना बहुत जरूरी है। आइए जानते है आप अपनी पहली जॉब में कॉन्फिडेंस कैसे बढ़ा सकते हैं और कैसे अपने करियर में उंचाइयों को छू सकते हैं।

**एक लक्ष्य बनाएं**

किसी भी काम को शुरू करने से पहले एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें, इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। अगर कोई व्यक्ति अपना लक्ष्य निर्धारित नहीं करता है तो वह ऑफिस में काम करते समय इस बात को लेकर कंफ्यूज रहता है कि कौन सा प्रोजेक्ट कब करना है। इससे उनका कॉन्फिडेंस भी लो होने लगता है।

**कंफर्ट जॉन से बाहर निकलें**

हर व्यक्ति अपना कंफर्ट जोन बनाए रखता है, जिसमें वह आराम से अपना काम करता है। ऐसे में अगर उन्हें कोई भी नया काम करने को दिया जाए तो वह उसे करने से मना कर देते हैं। इसलिए चुनौतियों को स्वीकार करें और आगे बढ़ें।

**अपने अंदर की खूबियों को पहचानें**

हर इंसान के अंदर कोई न कोई खूबी जरूर होती है, बस जरूरत है उसे सही समय पर पहचानने की। अगर आप अपनी स्ट्रेंथ और कमजोरी के बारे में जानते हैं तो इससे आप अपना काम बहुत अच्छे से कर सकते हैं। अपने अंदर की कमजोरियों को दूर करने के लिए उन पर काम करें, इससे आप खुद को बेहतर बना पाएंगे और आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। इसके साथ ही अपनी स्ट्रेंथ का सही जगह इस्तेमाल करें।

**फीडबैक लें**

आपको ऑफिस में अन्य लोगों से फीडबैक लेना चाहिए। इससे पता चलेगा कि आप कैसा काम कर रहे हैं साथ ही काम के प्रति आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा।

# घर पर बनाएं मुंबई स्टाइल मसालेदार वड़ा पाव

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वड़ा पाव महाराष्ट्र का फेमस फास्ट फूड है। उबले आलू और बेसन लगा कर डीप फ्राई किया गया ये स्नैक्स बहुत ही टेस्टी लगता है।

इस पाव को बहुत सी तीखी चटनियों के साथ सर्व किया जाता है। लेकिन ये मजेदार डिश अब सिर्फ मुंबई में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में मशहूर है। तो आइए आपको बताते हैं इसकी मजेदार रेसिपी...



**सामग्री:** पाव–4, उबले आलू–2, बेसन–1 कप, हरी मिर्च–2, अदरक–लहसुन का पेस्ट–1 टीस्पून, हल्दी –1/4 टीस्पून , राई–1 टीस्पून, करी पत्ता–8–10, बेकिंग सोडा–एक चुटकी, हरी चटनी–स्वादानुसार, सूखी लाल चटनी–स्वादानुसार, नमक– स्वादानुसार, तेल जरूरत के अनुसार

**वड़ा पाव बनाने की विधि**

सबसे पहले मीडियम आंच पर पैन में तेल डालकर गरम करने के लिए रख दें। इसमें राई और करी पत्ता डालकर तड़काएं। अब आलू को मैश कर इसमें डाल दें। हल्दी पाउडर और नमक मिलाकर 2 मिनट तक पका लें फिर गैस बंद कर दें। वड़े के लिए मिश्रण तैयार है – एक बर्तन में बेसन, नमक, बेकिंग सोडा और पानी डालकर गाढ़ा घोल तैयार कर लें। मीडियम आंच पर पैन में तेल डालकर गरम करने के लिए रख दें। अब मिश्रण में से थोड़ा भाग लेकर बॉल्स का शेप देकर बेसन में डिप करें फिर तेल में डालते जाएं। गोल्डन ब्राउन होने तक इसी तरह से सभी वड़े तलकर प्लेट पर अलग रखते जाएं। पाव में बीच से कट लगाकर इसपर सूखी लाल चटनी डालें फिर वड़ा रखें और ऊपर से थोड़ी सी सूखी लाल चटनी डालकर पाव से कवर कर दें। तैयार है वड़ा पाव। तली हुई हरी मिर्च और हरी चटनी के साथ सर्व करें।

# घर में छिपकलियों ने मचा रखा है बवाल तो ये तरीके आएंगे बड़े काम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** घर में एक बार गलती से अगर छिपकली आ जाए तो उसे बाहर निकालना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। कभी घर की दीवार तो कभी रसोई की सिंक हर कहीं यह अपनी जगह बनाने लगती हैं। ऐसे में इन्हें देख सब की हालत तो खराब होती है इसके अलावा यह भी डर रहता है कि कहीं यह किसी सामान के बीच में न पड़ जाए। वैसे तो मार्केट में इनका सफाया करने के लिए कई दवाईयां होती है लेकिन इसे डालने के बाद यह घर में मर जाती हैं और पूरे जगह बदबू भी फैल जाती है। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसे घरेलू तरीके बताते हैं जिनके जरिए आप इन्हें घर से आसानी से भगा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ....

**अंडे:** अंडे के छिलके की महक से आप छिपकिलयों को भगा सकते हैं। ऐसे में जहां पर यह आती हैं उन जगहों पर छिलके रख दें। इनकी गंदी बदबू छिपकलियों का सफाया कर देगी।

**लहसुन का स्प्रे :** लहसुन का इस्तेमाल करके भी आप छिपकलियों से छुटकारा पा सकते हैं। इन्हें पीसकर एक स्प्रे तैयार कर लें। इसके बाद स्प्रे उस जगह कर दें, जहां पर छिपकलियों ने कोहराम मचा रखा है। स्प्रे की तेज बदबू छिपकलियों का सफाया कर देगी।



**नेप्थलीन बॉल्स :** नेप्थलीन बॉल्स घर से छिपकलियां भगाने में मदद करेगी। इन बॉल्स को घर की ऐसी जगह रखें जहां से इनकी महक पूरे घर में फैल जाए। नेप्थलीन बॉल्स की तेज बदबू से यह घर में से आसानी से भाग जाएंगी।

**प्याज :** प्याज की तेज महक भी आपके घर से छिपकलियों को मिनटों में भगा देगी। घर के कोने में प्याज छिलकर उसके छिलके रख दें। महक पूरे घर में फैलकर छिपकलियों की सफाई कर देगी।

**काली मिर्च :** काली मिर्च से बना स्प्रे तैयार करके भी आप छिपकलियों की सफाई कर सकते हैं। काली मिर्च पीस लें। इसके बाद तैयार मिश्रण एक स्प्रे बॉटल में डालकर उसमें पानी डालें। सारी जगहों पर इस स्प्रे को छिड़क दें। तेज सुगंध से छिपकलियां खुद ही भाग जाएंगी।

**लौंग :** लौंग की तेज महक भी छिपकलियों से पीछा छुड़वा सकती है। इसके लिए लौंग पाउडर घर के कोनों पर छिड़कें। इसके बाद इसे एक लिक्विड स्प्रे बनाकर पूरे घर में छिड़क दें। इससे आपको छिपकलियों से निजात मिलेगी।

**होममेड स्प्रे :** छिपकलियों से छुटकारा पाने के लिए आप होममेड स्प्रे भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**प्याज**—लहसुन का रस, लौंग पाउडर, डिटॉल मिलाकर एक स्प्रे तैयार कर लें।

इसके बाद इस स्प्रे को छिपकलियों वाली जगह पर डाल दें। सारी की सारी छिपकिलयां भाग जाएगी।

## सम्पादकीय

# बंद नहीं होनी चाहिए काले धन व भ्रष्टाचार पर बहस

पुरानी कहावत है – 'चोर चोरी से जाए, हेराफेरी से न जाए।' ये कहावत किसी और पर लागू होती हो या नहीं लेकिन पाकिस्तान के राजनेताओं और सैन्य अफसरों पर सौ फीसदी लागू होती है। 'दुबई अनलॉक्ड' की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान के भ्रष्ट नेताओं और सैन्य अफसरों ने दुबई में बारह अरब डॉलर मूल्य की सम्पत्तियां खरीदी हैं। विदेश में संपत्ति खरीदना अपराध भले ही नहीं हो, पर भारत समेत दुनिया के तमाम दूसरे देशों में 'पैसे वालों' के लिए ऐसा करना सामान्य बात है। ऐसे में जब बात पाकिस्तान की आती है तो वहां के उद्योगपतियों के बजाए नेताओं और सैन्य अफसरों के नाम ही ऐसी सूची में शुमार होते दिखाई देते हैं।


पवन गौतम
संपादक

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान लम्बे समय से कंगाली के दौर से गुजर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मेहरबानी से ही वह 'दिवालिया' होने से बचा हुआ है। लेकिन कोई नहीं जानता कि यह मेहरबानी कितने दिन तक रहने वाली है? पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता स्थायी समस्या बन चुकी है। इसके चलते वहां की अर्थव्यवस्था चरमराती जा रही है। ऐसे में देश को चलाने वाले राजनेता और सैन्य अफसर वहां दोनों हाथों से देश को लूट रहे हैं। जो धन देश के काम में आना चाहिए, वह काले धन के रूप में विदेशी बैंकों में जमा हो रहा है। देखा जाए तो यह समस्या अकेले पाकिस्तान की नहीं है।

भ्रष्टाचार का बोलबाला कमोबेश सभी जगह है, खास तौर पर एशियाई देशों में। यही कारण है कि इन देशों में अमीरों और गरीबों के बीच की खाई बढ़ती ही जा रही है। देश तरक्की कर रहे हैं लेकिन इस तरक्की का लाभ सबको बराबरी से नहीं मिल रहा है। भारत में भी काले धन की कहानी दशकों से सुनी और सुनाई जाती रही है। खास बात यह है कि लम्बे अर्से के बाद यह पहला चुनाव है जब काले धन की कहीं चर्चा तक नहीं हो रही। भारत में 'बड़े लोगों' का काला धन स्विस बैंकों में जमा होने को लेकर भी दशकों से राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप लगते रहे हैं। वर्ष 1989 और 2014 के चुनाव तो काले धन और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर ही लड़े गए थे। लेकिन सब जानते हैं कि इसका नतीजा कुछ नहीं निकला। न तो काला धन ही वापस आ पाया और न ही इसे लेकर आरोप–प्रत्यारोप लगने कम हुए।

जनता भी अब शायद यह समझ चुकी है कि काले धन की समस्या ऐसी लाइलाज बीमारी है जो सिर्फ चुनावों में नेताओं की झोली भरने के काम आती है। यह इसलिए क्योंकि चुनाव लड़ने के लिए आखिरकार काला धन ही काम आता है। ऐसे में बात सिर्फ पाकिस्तान की ही नहीं है, भारत जैसे देशों को भी काले धन के खात्मे को लेकर ठोस कदम उठाने होंगे।

## नजरिया

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान

**ललित गर्ग**

पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ–पांव फूल गये हैं।

दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हड़पने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तें लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोत्तरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफ्फराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है। पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह–जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेगी। भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात–आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू–कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है। दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय–समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीड़न ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर–पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। पीओके के लोग चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूंकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं। पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस तरह भारतीय तिरंगा लहराया जा रहा है और भारत में विलय के स्वर उठ रहे हैं, उससे भविष्य में इस विवादित क्षेत्र पर निर्णायक पटकथा लिखे जाने के आसार नजर आ रहे हैं। भारत को पीओके के घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, ताकि इससे हमारे सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर न पड़े एवं भविष्य की नीतियों का निर्धारण करने में सुविधा रहे।

## विचार–विंडो

# अमेठी में स्मृति ईरानी के खिलाफ नाराजगी देखकर भाजपा के होश उड़े हुए हैं

**नीरज कुमार दुबे**

स्मृति ईरानी के लिए जहां भाजपा का पूरा आलाकमान प्रचार कर रहा है और प्रदेश पार्टी नेतृत्व से जुड़े लोगों ने भी अमेठी में भाजपा के किले को बचाने के लिए पूरा जोर लगाया हुआ है वहीं कांग्रेस ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी के तमाम नेताओं की फौज खड़ी कर रखी है।

उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय क्षेत्र को इस बार फिर से स्मृति ईरानी बनाम राहुल गांधी के चुनावी मुकाबले की उम्मीद थी लेकिन यह उम्मीदें तब धराशायी हो गयीं जब कांग्रेस ने सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले केएल शर्मा को चुनाव में उतार दिया। स्मृति ईरानी ने इस पर कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि डरो मत लेकिन यहां से चुनाव लड़ने की उन्होंने हिम्मत नहीं दिखाई। दूसरी ओर कांग्रेस का कहना है कि जब केएल शर्मा ही स्मृति ईरानी को हरा सकते हैं तो राहुल गांधी को यहां से उतारने की जरूरत ही नहीं थी। हालांकि इस इलाके में घूमने के बाद हमें महसूस हुआ कि यदि कांग्रेस यहां से राहुल गांधी को उतारती तो नतीजा उसके पक्ष में जा सकता था क्योंकि यहां बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जोकि गांधी परिवार से जुड़े रहे हैं और उनका कहना था कि हमने अपनी नाराजगी पिछले चुनाव में दिखा दी थी अगर इस बार राहुल यहां से आते तो हम उन्हें ही चुनते क्योंकि उनके परिवार ने इस क्षेत्र के लोगों के लिए काफी कुछ किया है।

स्मृति ईरानी के लिए जहां भाजपा का पूरा आलाकमान प्रचार कर रहा है और प्रदेश पार्टी नेतृत्व से जुड़े लोगों ने भी अमेठी में भाजपा के किले को बचाने के लिए पूरा जोर लगाया हुआ है वहीं कांग्रेस ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी के तमाम नेताओं की फौज खड़ी कर रखी है ताकि केएल शर्मा यह सीट फिर से कांग्रेस की झोली में डाल सकें। इस क्षेत्र के चुनावी मुद्दों और माहौल को जानने के लिए जब प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा यहां पहुँची तो हमने पाया कि अधिकांश लोग यह मान रहे हैं कि स्मृति ईरानी यहां हमेशा सक्रिय रही हैं और छोटे बड़े कार्यकर्ताओं के यहां ही नहीं बल्कि आम लोगों के घर जाकर उनका दुख–दर्द दूर करने का प्रयास करती रही हैं। लोगों ने यह भी कहा कि स्मृति ईरानी ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी बड़ी संख्या में लोगों को दिलाया है। लेकिन हमें कुछ लोग ऐसे भी मिले जोकि स्मृति ईरानी के व्यवहार की शिकायतें कर रहे थे। इन लोगों का कहना था कि वह गुस्से में रहती हैं और सबके सामने डांट देती हैं। हमने जब युवाओं से बात की तो अधिकांश युवा बेरोजगारी और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर सरकार से नाराज नजर आये। इन युवाओं का कहना था कि यह सही है कि मोदी जी ने कई बड़े काम किये हैं लेकिन युवा के लिए परीक्षा और नौकरी हासिल करना बेहद बुनियादी चीज है लेकिन पेपर लीक हो जा रहा है और भर्तियां निकल नहीं रही हैं। इस तरह की नाराजगी को दूर करने के लिए भाजपा संगठन के नेता तमाम प्रयास कर रहे हैं। भाजपा जानती है कि अमेठी से पहले भी एकाध बार अन्य प्रत्याशी जीतते रहे हैं लेकिन अगले चुनाव में यह सीट फिर गांधी परिवार के पास आ जाती है इसलिए पार्टी सारे समीकरण साधने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

जब हमने लोगों से केएल शर्मा के बारे में पूछा तो सभी ने कहा कि यह सही है कि वह कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को पहचानते हैं लेकिन वोट सिर्फ कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को नहीं बल्कि पूरी जनता को देना है। लोगों ने कहा कि आम जनता से केएल शर्मा का कोई वास्ता नहीं है। वह यहां के गली–मोहल्लों को जानते होंगे लेकिन लोगों से उनका कोई सीधा संवाद नहीं है। कई लोगों ने बताया कि वह यहां तभी आया करते थे जब गांधी परिवार का कोई व्यक्ति यहां आने वाला हो। दूसरी ओर स्मृति ईरानी के बारे में लोगों का कहना था कि उन्हें सब जानते हैं और वह सबको जानने लगी हैं और अब तो उन्होंने अपना स्थायी आवास भी यहां पर बना लिया है जिससे जब भी कोई काम पड़ेगा तो हमें दिल्ली जाने की बजाय यहीं पर अपने जनप्रतिनिधि से मिलकर समस्या का समाधान निकलवाने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

इस क्षेत्र में यादव और मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में हैं जब हमने उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि यादव समाज का सारा वोट समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन को नहीं बल्कि भाजपा को जायेगा क्योंकि उसने इस क्षेत्र के विकास के लिए कई काम किये हैं और कोरोना जैसी महामारी के समय सबका ध्यान रखा है। कई मुस्लिमों ने भी हमसे कहा कि यह एक धारणा है कि मुसलमान भाजपा को वोट नहीं करता। उन्होंने कहा कि जिस तरह बड़ी संख्या में मुस्लिमों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर मिले हैं और घर में नल से पानी आने लगा है वह हमारे लिए अकल्पनीय है और इसके लिए हम मोदी जी का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे।

बहरहाल, इस पूरे क्षेत्र का दौरा करने के बाद हमें साफ दिखा कि जहां भाजपा एक ओर स्मृति ईरानी को ढाई लाख वोटों के अंतर से जीत दिलाने के लिए दिन–रात लगी हुई है वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार केएल शर्मा भी जीत हासिल करने के लिए जी–जान लगाये हुए हैं और शुरू में उनको जितना कमजोर प्रत्याशी समझा जा रहा था उतने कमजोर वह हैं नहीं।

### सहवाग-तिवारी का बड़ा बयान

## रोहित शर्मा, हार्दिक को एमआई करे रिलीज

# सूर्यकुमार या बुमराह को बनाएं कप्तान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में आज मुंबई इंडियंस अपना आखिरी मुकाबला खेल रही है। ये सीजन मुंबई के लिए बेहद खराब रहा है। टीम इस सीजन सबसे पहले प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई। इस सीजन टीम के मौजूदा कप्तान हार्दिक पांड्या और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। हालांकि रोहित ने इस सीजन ठीकठाक रन बनाए हैं लेकिन हार्दिक ने बल्ले और गेंद दोनों से टीम को निराश किया है। वहीं अब टीम इंडिया के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और मनोज तिवारी ने रोहित और हार्दिक को लेकर बड़ा बयान दिया है। आईपीएल 2024 ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को टीम का नया कप्तान बनाया था। लेकिन हार्दिक की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन और ज्यादा खराब हो गया।



टीम प्लेऑफ तक भी नहीं पहुंच पाई। वहीं अब टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने क्रिकबज पर कहा कि मेरी नजरों में सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह ये दो खिलाड़ी ऐसे हैं जिनको आईपीएल मेगा ऑक्शन 2025 में मुंबई इंडियंस अपने पास रख सकती है और मेरी मुंबई को ये सलाह भी है। मैं रोहित को इसलिए नहीं रख रहा हूं क्योंकि रोहित को देखकर नहीं लगता कि वो रहना चाहता है। इसके अलावा टीम का कप्तान सूर्या और बुमराह में से कोई एक बनाना चाहिए।

वहीं इसको लेकर टीम इंडिया के पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अगर एक ही फिल्म में सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान हो तो फिल्म हिट ही होगी। इसके लिए एक अच्छी स्क्रिप्ट होनी चाहिए। इसी तरह से मुंबई इंडियंस के सभी बड़े नामों को मैदान पर एक साथ प्रदर्शन करना होगा। हमने देखा सीएसके के खिलाफ रोहित ने शतक बनाया लेकिन टीम मैच हार गई क्योंकि सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं था।

हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन सीजन–17 में बेहद खराब रहा है। 13 मैचों में से टीम को महज 4 मैचों में जीत मिल पाई है।

रोहित ने सीजन की शुरुआत में जरूर अच्छी बल्लेबाजी की थी फिर हिटमैन फ्लॉप हो गए। कप्तान हार्दिक पांड्या पूरे सीजन खराब फॉर्म से जूझते रहे। इसके अलावा सूर्यकुमार यादव सीजन में टीम के साथ देरी से जुड़े थे। टीम डेविड और ईशान किशन का प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा।

### फिर जमेगी अंकिता लोखंडे–विक्की जैन की जोड़ी

# बिग बॉस 17 के बाद इस शो में लेंगे हिस्सा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारती सिंह और शेफ हरपाल सिंह सोखी द्वारा होस्ट किया जाने वाला यह शो दर्शकों को जबरदस्त लाफ्टर डोज देने के लिए तैयार है। शो में उन सेलेब्रिटीज को कुकिंग करना होगा, जिन्हें खाना बनाना नहीं आता है। इसी शो में अंकिता लोखंडे पति विक्की जैन के साथ नजर आएंगीं।

अंकिता लोखंडे टीवी के बाद अब बड़े पर्दे पर भी जलवे बिखेर रही हैं। पिछले दिनों अंकिता रणदीप हुड्डा स्टारर 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' में नजर आई थीं। अब अंकिता एक बार फिर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस फिर एक शो के लिए तैयार हैं। स्वतंत्र वीर सावरकर की रिलीज से पहले अंकिता पति विक्की जैन के साथ चर्चित रियेलिटी शो बिग बॉस 17 में नजर आई थीं। बिग बॉस 17 के बाद अब, पावर कपल अंकिता लोखंडे और विक्की जैन टेलीविजन स्क्रीन पर लौट रहे हैं, और इस बार दर्शकों को गुदगुदाने के लिए।



यह जोड़ी 'लाफ्टर शेफ' नाम के एक और रियलिटी शो में एक बार फिर साथ दिखाई देंगी। शो में वे अपने कैमराड़ी, कुकिंग स्किल्स के साथ–साथ कॉमिक टाइमिंग से भी फैंस को इंप्रेस करते दिखाई देंगे। भारती सिंह और शेफ हरपाल सिंह सोखी द्वारा होस्ट किया जाने वाला यह शो दर्शकों को जबरदस्त लाफ्टर डोज देने के लिए तैयार है। शो में उन सेलेब्रिटीज को कुकिंग करना होगा, जिन्हें खाना बनाना नहीं आता है। यह शो कलर्स टीवी पर एयर होगा। चैनल ने हाल ही में कपल का वीडियो अपने सोशल मीडिया पर अपलोड किया और उन्हें कंटेस्टेन्ट्स में से एक के रूप में पेश किया। अंकिता और विक्की की डायनामिक बॉन्डिंग और एनर्जी ने बिग बॉस 17 में दर्शकों का दिल जीत लिया, और यह देखने के लिए उत्सुकता है कि वे शो में क्या लाएंगे। फैंस अपने फेवरेट कपल को बिल्कुल नए अवतार में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। काम के मोर्चे पर, इस पावर कपल को आखिरी बार 'ला पिला दे शराब' नाम के म्यूजिक वीडियो में एक साथ देखा गया था, जिसे उनके फैंस से ढेर सारा प्यार मिला। अंकिता फिलहाल 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' की बॉक्स–ऑफिस सफलता का आनंद ले रही हैं, जिसके लिए उन्होंने यमुनाबाई के रूप में अपने परफॉर्मेंस के लिए खूब तारीफें हासिल की थीं। अब अंकिता अपने एक नए प्रोजेक्ट की तैयारी में हैं। अंकिता अब संदीप सिंह की वेब सीरीज 'आम्रपाली' में नजर आएंगी, जहां वह प्रसिद्ध शाही वैश्या का किरदार निभाती नजर आने वाली हैं।

### आईपीएल इतिहास में टेबल टॉपर ने इतनी बार जीता है खिताब

# इस टीम ने मारी सबसे ज्यादा बार बाजी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए तीन टीमों ने क्वालीफाई कर दिया है। चौथी टीम का फैसला 18 मई को हो जाएगा। यह मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए सबसे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने क्वालीफाई किया था। उनकी टीम इस सीरीज अंक तालिका में टॉप पर फिनिश करेगी, यह तय हो गया है। केकेआर ने इस सीजन 13 मैचों में 9 जीत हासिल की है। वहीं तीन मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। केकेआर का एक मैच बारिश के कारण रद्द भी हो गया था, ऐसे में उनके पास अभी 19 अंक हैं और कोई भी अन्य टीम अंक तालिका में इतने अंक



तक नहीं पहुंच सकेगी।

आईपीएल इतिहास में अंक तालिका पर टॉप पर रहने वाली टीमों का रिकॉर्ड ट्रॉफी जीतने के मामले में कुछ खास नहीं रहा है। दरअसल आईपीएल में सिर्फ पांच ही बार ऐसा हो सका है जब लीग स्टेज में टॉप पर रहने वाली टीम ने खिताब अपने नाम किया है। ऐसे में कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने एक बड़ी चुनौती है। केकेआर की टीम ने साल 2012 और 2014 में आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था। उसके बाद से वह अपने तीसरे आईपीएल ट्रॉफी के लिए तलाश में हैं। आईपीएल में टेबल टॉपर्स के खिताब जीतने की बात करें तो साल 2008 में पहले सीजन के दौरान राजस्थान रॉयल्स की टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर रही थी। इसके बाद साल 2017 में मुंबई इंडियंस ने टेबल टॉपर रहते हुए खिताब जीता था। उस सीजन मुंबई इंडियंस ने लीग स्टेज के दौरान 14 मैचों में 10 में जीत हासिल की थी। मुंबई इंडियंस ने फिर से यही कारनामा साल 2019 में दोहराया। उन्होंने उस सीजन में 14 मैचों में से 9 में जीत हासिल की थी। मुंबई ने साल 2020 में भी टेबल टॉप रहते हुए खिताब अपने नाम किया था। जहां उन्होंने लीग स्टेज के दौरान 14 मैचों में से 9 में जीत हासिल की थी। मुंबई के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने भी साल 2022 में टेबल टॉपर रहते हुए खिताब अपने नाम किया था।






### सुनील छेत्री के रिटायरमेंट पर विराट कोहली का बड़ा बयान

# मैसेज करके पहले ही बता दिया.....

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के बीच भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने का फैसला किया है। वीडियो शेयर करके सुनील ने देशवासियों के सामने अपने संन्यास की जानकारी को साझा किया है। जिसपर आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भी कमेंट किया था। वहीं अब विराट ने सुनील छेत्री के संन्यास को लेकर बड़ा बयान दिया है। विराट ने बताया उनको पहले ही पता था।

विराट कोहली ने आरसीबी इनसाइडर शो में बताया कि उसने मुझे मैसेज करके बताया था कि वो ऐसा करने जा रहा है। शायद उनको अपने इस फैसले से शांति मिली होगी। वो बहुत प्यारा लड़का है मैं उनके लिए सर्वश्रेष्ठ की कामना करता है। पिछले कुछ सालों में मैंने उनको काफी अच्छे से जाना है हम काफी करीब भी है। कोहली और सुनील को काफी अच्छा दोस्त माना जाता है। पिछले साल आईपीएल के दौरान सुनील छेत्री



आरसीबी का मैच देखने भी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने विराट कोहली और आरसीबी टीम से मुलाकात भी की थी। आईपीएल 2024 में विराट कोहली कमाल की फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। ऑरेंज कैप पर भी कोहली का कब्जा है। इस सीजन कोहली एक शतक भी लगा चुके हैं। वहीं अब कोहली से आरसीबी को सीएसके के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले में एक शानदार पारी की उम्मीद होगी।

विराट अभी तक 13 मैचों में 661 रन बना चुके हैं। इस दौरान विराट का स्ट्राइक रेट 155 का रहा है। अभी तक इस सीजन कोहली के बल्ले से 56 चौके और 33 छक्के निकल चुके हैं। ये मुकाबला 18 मई को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

# कार्तिक आर्यन के मामा–मामी की मुंबई होर्डिंग हादसे में हुई मौत





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई होर्डिंग हादसे में कार्तिक आर्यन के मामा–मामी की मौत हो गई। एक्टर उनके अंतिम संस्कार में भी पहुंचे थे। मुंबई के घाटकोपर में होर्डिंग गिरने से हुए हादसे में मरने वाले 16 लोगों में से दो अभिनेता कार्तिक आर्यन के रिश्तेदार थे।

13 मई को मुंबई में घाटकोपर होर्डिंग हादसा हुआ था। इस दर्दनाक हासदे के बारे में अभी तक कोई भूला भी नहीं था कि अब इससे जुड़ी एक और दुखद और बड़ी अपडेट सामने आई है। इस मुंबई होर्डिंग हादसे में कार्तिक आर्यन के मामा–मामी की भी मौत हो गई। दुर्घटना के करीब 56 घंटे बाद दोनों का शव बाहर निकाला गया। इस हैरान कर देने वाली खबर ने एक्टर को तोड़ कर रख दिया है। वहीं एक्टर कार्तिक आर्यन अपने परिवार सहित

## अंतिम संस्कार में दिखे एक्टर

श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार विधि के लिए पहुंचे थे। इस हादसे में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है और करीबन 74 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बता दें कि घाटकोपर होर्डिंग हादसे के 3 दिन बाद जो 2 शव एक कार से निकाले गए वो अभिनेता कार्तिक आर्यन के रिश्तेदार थे। जो इंदौर एयरपोर्ट के पूर्व डायरेक्टर मनोज चंसोरिया और उनकी वाइफ अनीता चंसोरिया के थे। कार्तिक आर्यन के मामा–मामी जबलपुर के सिविल लाइन स्थित मरियम चौक में रहते थे। एक्टर के मृतक मामा–मामी के साथ ये हादसा इंदौर के रास्ते जबलपुर वापस लौटने के दौरान हुआ था।

## सुविचार

अपने उसूल इतने कमजोर न रखो कि समय का दीपक उसे खोखला कर दे।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | एकादशी | 11:23-01:50 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | हस्त | 12:23-03:16 तक | माह | वैशाख |
| सूर्योदय | | 05:33 AM | चंद्रोदय | 02:29 PM |
| सूर्यास्त | | 18:58 PM | चंद्रास्त | 02:49 AM |
| सूर्य राशि | | वृषभ राशि | चंद्र | कन्या राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | 11:48 AM-12:42 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:00-04:48 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल | 08:54 से 10:35 तक | | वार | शनिवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### इन राशियों के लोग होते हैं मल्टी टैलेंटेड

# अपनी योग्यता से पाते हैं हर क्षेत्र में सफलता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ज्योतिष में कुछ ऐसी राशियों का जिक्र मिलता है जिनको मल्टी टैलेंटेड माना जाता है। आज हम आपको इन्हीं राशियों के बारे में जानकारी देंगे। आपने कुछ ऐसे लोग जरूर देखे होंगे जिनको कई चीजों में महारत हासिल होती है। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो राशिचक्र में भी कुछ ऐसी राशियां हैं जिनको मल्टी टैलेंटेड माना जाता है। ये लोग अपनी इसी योग्यता के चलते जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में सफल हो सकते हैं। आइए जानते हैं ये राशियां कौन-कौन सी हैं।



**मिथुन :** द्विस्वभाव राशि मिथुन के जातक बोलचाल और तर्क-वितर्क करने में तो अच्छे होते ही हैं, साथ ही कई अन्य गुण भी इनमें देखने को मिल सकते हैं। इस राशि के लोग गायन, वादन में अच्छे हो सकते हैं। इनके यही गुण इन्हें लोगों के बीच चर्चित बना सकते हैं। इनकी वाणी में आप तेज देख सकते हैं क्योंकि इनको कई क्षेत्रों का ज्ञान प्राप्त होता है। इस राशि के लोग मल्टी टैलेंटेड होने के साथ ही मल्टी टास्क करने वाले भी माने जाते हैं। हालांकि कई बार बातचीत के दौरान ये अपनी हदों से आगे भी निकल सकते हैं, इसलिए वाणी को थोड़ा कंट्रोल में रखना इनको सीखना चाहिए।

**सिंह :** सिहं राशि के लोग अच्छे नेतृत्व करने वाले माने जाते हैं। एक अच्छे लीडर के पास अलग-अलग क्षेत्रों की जानकारी होना उसका सकारात्मक पक्ष होता है, और ये गुण सिंह राशि वालों में कूट कूटकर भरा होता है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से ये कुछ न कुछ अवश्य सीखते हैं। आप इनको खेल के मैदानों में भी देख सकते हैं, अच्छा संगीत बजाते भी पा सकते हैं और साथ ही किसी प्रशासनिक कार्यालय में भी काम करते देख सकते हैं। इनके अच्छे पक्षों में से एक ये भी है कि, अपने लिए कभी भी ये सीमित दायरे नहीं बनाते और इसीलिए ये मल्टी टैलेंटेड होते हैं।

**धनु :** धनु राशि के लोग जुझारू और नयी चीजें सीखने के मामले में सबसे अव्वल होते हैं।

इनको एक बार किसी चीज में इंट्रेस्ट आया तो उसे सीखने के लिए ये दिन रात एक कर सकते हैं। हालांकि एक बार किसी चीज को सीखने के बाद उससे बोर भी ये बहुत जल्दी हो सकते हैं।

फिर भी चीजों को सीखने का इनका गुण इन्हें कई कलाओं में महारत प्रदान करता है। मल्टी टैलेंटेड लोगों की लिस्ट में ये पहले नंबर पर आ सकते हैं। जब इस राशि वाले किसी एक चीज पर फोकस करते हैं तो जीवन में इन्हें बड़ी कामयाबियां मिलती हैं। इस राशि के लोग स्पोर्ट्स में काफी अच्छे माने जाते हैं।

**कुंभ :** कुंभ राशि के लोग स्वतंत्र विचार वाले और बुद्धिमान होते हैं। किसी भी चीज को सीखने में बहुत अधिक समय इनको नहीं लगता। इनका यही गुण इन्हें मल्टी टैलेंटेड बनाता है। हालांकि कई बार इनका आलस्य इन्हें कई चीजों का जानकार होने के बाद भी पीछे कर सकते हैं, इसलिए थोड़ा एक्टिव इनको रहना चाहिए। अपने योग्यता और कला कौशल से इस राशि के जातकों को सामाजिक स्तर पर बड़ी कामयाबी मिल सकती है।

# समाज में मान-सम्मान पाने के लिए पुरुष गुप्त रखें अपने ये राज



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आचार्य चाणक्य का नाम विश्व के महान विद्वान, बुद्धिमान, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ में आता है। माना जाता है कि उनके पास मनुष्य जीवन से जुड़ी हर एक परेशानी का समाधान होता था। उन्होंने अपने इसी ज्ञान से चाणक्य नीति शास्त्र की रचना की थी, जिसमें उन्होंने हर एक समस्या के समाधान के बारे में बताया है। आज हम आपको चाणक्य नीति शास्त्र में उल्लेख पुरुषों के उन 5 गुप्त राज के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भूलकर भी उन्हें किसी को नहीं बताने चाहिए। नहीं तो समाज में उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ सकता है।

**दुख :** आचार्य चाणक्य ने बताया है कि पुरुषों को अपने दुखों को हमेशा गुप्त रखना चाहिए। खास से खास दोस्त को भी कभी अपने दुख के बारे में नहीं बताना चाहिए, नहीं तो इससे आपको कभी न कभी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कमजोरी :** चाणक्य ने बताया है कि व्यक्ति को कभी भी अपनी कमजोरी के बारे में किसी को नहीं बताना चाहिए। खासतौर पर ऑफिस में काम करने वाले साथियों या बॉस को। इससे वो लोग काम के बहाने आपकी कमजोरी का मजाक उड़ा सकते हैं। इससे न चाहते हुए भी कभी-कभार आपको अपमान का सामना करना पड़ सकता है।

**अपमान :** हर एक व्यक्ति की जिंदगी में कभी न कभी एक ऐसा पल आता ही है, जब उसे अपमान का सामना करना पड़ता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि व्यक्ति को अपने अपमान के बारे में कभी भी बात नहीं करनी चाहिए। मजाक में भी अपने अपमान की बात किसी को नहीं बतानी चाहिए, नहीं तो इससे आपके मान-सम्मान पर प्रभाव पड़ सकता है।

**कमाई :** आचार्य चाणक्य ने अपने नीति शास्त्र में बताया है कि पुरुषों को अपनी कमाई के बारे में कभी भी किसी को नहीं बताना चाहिए।

**संबंध :** चाणक्य ने अपने नीति शास्त्र में बताया है कि पुरुषों को कभी भी उनके संबंध के बारे में सामाजिक तौर पर बात नहीं करनी चाहिए। खासतौर पर पत्नी और उनकी निजी बातें, लड़ाई या परेशानियों के बारे में।

# शगुन में 51,101 या 501 रुपये देना ही शुभ क्यों है?

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अक्सर आपने देखा होगा या किया भी होगा कि जब भी शादी, गृह प्रवेश, मुंडन आदि शुभ कार्यों और खास अवसरों पर किसी को शगुन में रुपये या शगुन के लिफाफे दिए जाते हैं, तो उनमें 11, 21, 51, 101 या 501, या फिर सम यानी पूर्णांक संख्या से एक रुपया अधिक होता है। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि इस चलन के पीछे धार्मिक और सांस्कृतिक कारण क्या हैं? यह रिवाज है, तो क्यों है? यदि यह शुभ है, तो क्यों है?

हिन्दू धर्म में शगुन के तौर पर +1 को अधिकतम शुभता का प्रतीक माना गया है। 21, 51, 101, 501, 1001 आदि को अधिकतम शुभ और अनुकूल संख्या मानी जाती है, जो भाग्योदय में सहायक होती हैं।

जब कोई किसी शुभ कार्य में +1 रुपया शगुन देते हैं, तो उसमें यह शुभकामना निहित होती है कि जो भी दिया है, जितना भी दिया है, वह आपके जीवन में हर चीज में हमेशा एक अंक आगे हो और यह आपकी जिंदगी संवार देने में आपके लिए सहायक हो। दरअसल, इनमें सांस्कृतिक रूप में शुभता और समृद्धि के साथ सुरक्षा की कामना निहित होती हैं।


हिन्दू धर्म में धातु के एकल सिक्के को, चाहे वह स्वर्ण मुद्रा के रूप में हो या वर्तमान में एक रुपये के रूप, इनमें धन की देवी लक्ष्मी का वास होता है। मान्यता है कि शगुन में एक रुपये का सिक्का देने से लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जो सुख-समृद्धि लाता है। साथ ही, 11, 21, 51, 101 या 501 जैसी संख्याएं प्रतीकात्मक और शुभ मानी गई हैं।

हिन्दू धर्म में पूर्णांक राशि, जैसे 100, 200, 500 आदि देना अशुभ माना गया है। इन्हें पूर्णता और समाप्ति का प्रतीक माना गया है, जो नई शुरुआत के लिए अवसर नहीं देती हैं। यही कारण है कि इन पूर्णांक राशियों में +1 यानी एक रुपया बढ़ाकर नकारात्मकता दूर करने की परंपरा है।

# प्रमोशन और आमदनी में चाहते हैं वृद्धि तो करें इस ग्रह को मजबूत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अच्छी जॉब और आमदनी की कामना हर व्यक्ति करता है। हालांकि हर किसी को आसानी से न नौकरी मिलती है और नाही अच्छा पैसा। कई लोग कड़ी मेहनत करने के बाद भी करियर क्षेत्र में प्रमोशन नहीं पाते और आमदनी में वृद्धि के लिए भी जूझना पड़ता है। अगर आप भी इन्हीं लोगों में से एक हैं तो कुंडली का एक ग्रह आपकी इन सभी समस्याओं को सुलझा सकता है। आपको बस इस ग्रह से जुड़े उपाय आजमाने हैं। साथ ही करियर से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण ज्योतिषीय जानकारियां भी हम आपको अपने इस लेख में देंगे।

ज्योतिष के अनुसार कुंडली का दसवां भाव आपके करियर को निर्धारित करता है। इस घर की स्थिति जितनी अनुकूल होगी करियर के क्षेत्र में भी आपको उतने ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अगर इस भाव पर शुभ ग्रहों की दृष्टि है तो समझ जाइए आप एक स्थाई नौकरी पाएंगे, समय-समय पर आपकी पदोन्नति भी होगी और आमदनी भी बढ़ेगी। दसवें भाव का संबंध अगर लग्न से किसी भी प्रकार से हो तो, ऐसे लोगों का करियर भी हमेशा संतुलित देखा गया है। वहीं दसवें भाव पर अगर पाप ग्रहों की दृष्टि हो या इस भाव का स्वामी अच्छी स्थिति में न हो तो आपको करियर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे लोग कड़ी मेहनत करने के बाद भी उन उंन्चाइयों को छूने में नाकाम हो सकते हैं, जिन्हें ये छूना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में आपको किस ग्रह को मजबूत करना चाहिए आइए विस्तार से जानते हैं।



उंन्चे पद पाने के लिए इस ग्रह को करें मजबूत- अगर आपको करियर से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना है तो ग्रहों के राजा सूर्य को प्रसन्न करना होगा। ऐसा माना जाता है कि सूर्य को मजबूत करने से अन्य ग्रह भी अच्छे परिणाम देने लग जाते हैं। स्वाभाविक है, अगर राजा मजबूत होगा तो उसकी प्रजा भी मजबूत होगी, उसके मंत्री भी मजबूत होंगे। ऐसे में सूर्य को मजबूत करके आप करियर में मनचाही सफलता पा सकते हैं। खासकर उन लोगों को सूर्य की उपासना करनी चाहिए जो उंन्चे पदों तक पहुंचना चाहते है, बॉस बनना चाहते हैं। सूर्य के उपाय करने से आपका आत्मविश्वास भी बढ़ता है और आपको मान-सम्मान की भी प्राप्ति होती है। सूर्य को मजबूत करने के लिए आपको सूर्य से जुड़े उपाय आजमाने चाहिए। सूर्य को रोजाना जल का अर्घ्य देकर आप सूर्य के अच्छे फल प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही रविवार के दिन आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ और गेहूं, गुड़, स्वर्ण आदि का दान करने से भी सूर्य कुंडली में मजबूत होता है। वैसे तो सूर्य को मजबूत करने मात्र से ही आपके करियर की सारी परेशानियां दूर हो सकती हैं, लेकिन कुछ अन्य ग्रह भी आपको करियर के क्षेत्र में सफलता दिलाने वाले साबित होते हैं। साहसिक क्षेत्र में सफलता के लिए करें इस ग्रह को मजबूत- वहीं जो लोग सेना, पुलिस या किसी भी साहसिक कार्य में अच्छे परिणाम पाना चाहते हैं उन्हें मंगल ग्रह को मजबूत करना चाहिए। मंगल के उपाय करने से ऐसे लोगों को करियर में उन्नति प्राप्त होती है। अगर आप नेतृत्व के गुण को खुद में विकसित करना चाहते है मंगल की उपासना करने से आपको लाभ मिलता है। मंगल के प्रभाव से आपकी कार्यक्षमता का विकास भी होता है। मंगल को मजबूत करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ आपको करना चाहिए। कार्यक्षेत्र में अच्छे बदलाव के लिए करें इस ग्रह को मजबूत- वहीं जिन लोगों को कार्यक्षेत्र में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, अच्छा कार्य करके भी आगे बढ़ नहीं पाते, कार्यक्षेत्र में विरोधी काम बिगाड़ते हैं, उन्हें शनि देव को प्रसन्न करना चाहिए। शनि को प्रसन्न करके ऐसे लोग करियर में प्रगति कर सकते हैं।

# इटावा में लायन सफारी पार्क में पैदा हुए चार शावकों की मौत

**यूनिक समय, इटावा।** एक साथ चार शावकों की मौत के बाद सफारी प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। सफारी प्रबंधन ने पार्क में सभी के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ कीपर की भी बेहतर व्यवस्था करके रखी हुई थी।

उत्तर प्रदेश के इटावा में लायन सफारी पार्क में शेरनी ने चार शावकों को जन्म दिया था और सभी नवजात शावकों की मौत हो गई है। जन्म के साथ ही एक-एक करके चारों की मौत पर पूरे इलाके में हड़कंप है। हालांकि, सफारी अधिकारी सभी शावकों के मृत पैदा होने की बात कह रहे हैं। घटना इटावा लायन सफारी पार्क की है। यहां की शेरनी रूपा ने बीती गुरुवार की देर रात चार शावको को जन्म दिया था। लेकिन रूपा के चारों शावकों की मौत हो गई है।



सफारी के उप निदेशक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सभी शावक मृत पैदा हुए थे। हालांकि, चार शावकों की एकाएक मौत वाकई में साधारण है या फिर प्री मैच्योर डिलीवरी के कारण शावकों की मौत हुई है इसका पता लगना बाकी है। फिलहाल, चार शावकों की मौत की वजह का पता लगाने के लिए सफारी प्रबंधन सभी का पोस्टमार्टम करवा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि मौत की असल वजह क्या है। सफारी के डिप्टी डायरेक्टर विनय सिंह ने बताया कि रूपा नाम की गर्भवती शेरनी ने बीती रात करीब 2 बजे से लेकर के तड़के 6 बजे के मध्य एक के बाद एक 4 शावकों को जन्म दिया, लेकिन सभी शावक मृत पैदा हुए थे। उन्होंने बताया कि गर्भवती शेरनी को लायन सफारी के ब्रीडिंग सेंटर में रखा गया था जहां पर रात 2 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक शेरनी ने चार शावकों को जन्म दिया है।एक साथ चार शावकों की मौत के बाद सफारी प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। सफारी प्रबंधन ने पार्क में सभी के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ कीपर की भी बेहतर व्यवस्था करके रखी हुई थी। इसके बावजूद भी एक साथ 4 शावकों की मौत ने सफारी प्रबंधन के अधिकारियों की नींद उड़ा दी है। शावकों के शवों का पोस्टमार्टम करने की तैयारी में सरकारी प्रबंधन के अधिकारी जुट गए हैं। पोस्टमार्टम के लिए आईवीआरआई भेजा जा रहा है, जिसके बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## वोटरों को जागरूक करने के लिए अपनाए अनोखे तरीके

**यूनिक समय, वाराणसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर वाराणसी में विभिन्न संस्थाएं और अधिकारी अपने-अपने स्तर से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साइकिल और बाइक रैली के साथ बैठकें कर मतदान की अपील की जा रही है। शुक्रवार को भी जिले के कई स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गंगा के तट से लेकर विद्यालयों की चौखट तक यह अभियान पहुंच चुका है। इसमें बनारस के कलाकारों ने भी हाथ से हाथ मिलाया है। पिछले महीने भर से बनारस घराने के कलाकार अपनी कला के जरिये मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं।

24 अप्रैल को अस्सी घाट से उपशास्त्रीय गायिका डॉ. सोमा घोष के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई जो अनवरत जारी है।

## सार संक्षेप

### अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी को झटका

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आज अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी को झटका लगा है। विधायक मनोज पांडे बीजेपी में शामिल हो गए हैं। अमित शाह ने पटका पहना कर बीजेपी में शामिल कराया है। मनोज रायबरेली में सपा विधायक हैं। सपा में रहते हुए उन्होंने राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी।

### छत्तीसगढ़ में भीषण सड़क हादसा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार-भाटापारा मार्ग पर खम्हरिया अर्जुनी के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है। बीती रात स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है।

बाइक सवार बलौदाबाजार से भाटापारा जा रहे थे, अपने एक साथी को ट्रेन में बिठाने के लिए। हादसे में मरने वालों की पहचान गोलु खान, शेख अशरफ, शेख ईस्लाउद्दीन के रूप में हुई। भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र की घटना है। ग्रामीण थाना पुलिस जांच में जुटी है।

### आज से पूरे दिन खुल गया नोएडा एलिवेटेड

**यूनिक समय, नोएडा।** नोएडा एलिवेटेड को आज से पूरे दिन के लिए खोल दिया गया है। दिन के समय फ्लाईओवर के दोनों तरफ गाड़ियां फर्राटा भरते हुए नजर आएंगी, लेकिन रात में पहले की तरह ही रोक रहेगी। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद एलिवेटेड रोड के दोनों साइड को खोलने का फैसला लिया गया है।

पहले फ्लाईओवर बंद होने की वजह से लोगों को जाम का सामना करना पड़ता था, जिससे सेक्टर-31-25 चौराहे से डीपीएस नोएडा तक वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं।

## राजस्थान के भरतपुर में हुआ भीषण हादसा

# ट्रक में घुसी बस, चार महिलाओं की मौत,13 लोग घायल

**यूनिक समय, भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर में आज दोपहर भीषण हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस हाईवे पर खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है और 13 लोग घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस जयपुर-आगरा हाईवे से गुजर रही थी। हाईवे पर एक ट्रक खड़ा था, लेकिन तेज स्पीड में आ रही बस अचानक से ट्रक में घुस गई। हादसा राजस्थान के भरतपुर में हलैना के पास हुआ। हादसे का शिकार हुई ये बस




अलीगढ़ डिपो की थी। बस अलीगढ़ से जयपुर की तरफ जा रही थी और ट्रक भी उसी रास्ते जयपुर के लिए रवाना हुआ था। अचानक से बस ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और बस जाकर ट्रक में भिड़ गई। इस दौरान बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्रियों की जान पर बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को हलैना अस्पताल में भर्ती करवाया। मगर 13 में से 8 यात्रियों को भरतपुर के

### पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

आरबीएम अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार ज्यादातर घायल यात्रियों को सिर में चोट आई है और उनका इलाज चल रहा है। इन घायलों में एक 2 साल का छोटा बच्चा भी शामिल है। हलैना थाना इंचार्ज बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि हादसा आज यानी शुक्रवार की दोपहर 1:30 हुआ है। मृतकों में सभी महिलाएं हैं। बस में बैठी 4 महिलाओं की मौत हुई है। ऐसे में ड्राइवर मौके से फरार है तो कंडक्टर भी बुरी तरह से जख्मी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और कंडक्टर को भी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## पुलिसवालों ने फ्री में पिया नारियल पानी

# उल्टा मांगे पैसे,नहीं देने पर थाने में ले जाकर की धुनाई

**यूनिक समय, कानपुर।** कानपुर में पुलिस की दादागिरी का मामला सामने आया है। पुलिसकर्मियों के फ्री में नारियल पानी पीने और फिर उल्टा दुकानदार से पैसे मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना के दौरान दुकानदार के द्वारा वीडियो बनाने पर पुलिसकर्मी आग बबूला हो गए और दुकानदार को पीट दिया। हालांकि, ये पूरी घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई। पीड़ित ने कमिश्नर के पास पुलिसकर्मियों के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। यह पूरा मामला नौबस्ता थाना क्षेत्र के पूजा ढाबे के पास का है। डीसीपी ने मामले को गंभीरता से लेने के बाद जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित चंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि पीआरबी में तैनात पुलिसकर्मी सौरभ अक्सर उसके नारियल पानी के ठेले पर आते थे, उससे फ्री में नारियल पानी पीते थे। ये सिलसिला करीब दो महीने से ऐसे ही चल रहा था।

ये आते थे नारियल पानी पीते और पैसे दिए बगैर चले जाते। पैसे मांगने पर पुलिसकर्मी उसकी दुकान हटवाने की धमकी देते थे। इससे दुकानदार डर गया, लेकिन हाल ही में जब पीआरबी में सिपाहियों ने उससे महीने के पैसे (वसूली) मांगे तो उसने साफ मना कर दिया।

बीते दिन जब पुलिस वालों ने दुकानदार से पैसे मांगे तो वह चोरी से वीडियो बनाने लगा। यह देखकर पुलिस वाले गुस्सा गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वे पीड़ित को थाने में बने आवास में ले गए और उसके मोबाइल में बने वीडियो को जबरदस्ती डिलीट कराया। उन्होंने जबरन वीडियो बनवाया कि न कभी फ्री में पीड़ित की दुकान से नारियल पानी पिया है और ना ही उन्होंने उससे कोई रुपए की मांग की है।

# बीजेपी और सपा की हार-जीत पर लगाई 230000 रुपये की शर्त

**यूनिक समय, बंदायूं।** यूपी में बदायूं लोकसभा सीट पर बीजेपी या सपा, कौन जीतेगी। इस पर सम्भल के दो युवकों ने दो लाख 30 हजार रुपये की शर्त लगाई थी। साथ ही एफिडेविट भी बनवाया था। 4 जून को हार-जीत का फैसला होना ही था कि इस बीच पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। अब देखना ये होगा कि आगे दोनों पर क्या एक्शन होगा।

उत्तर प्रदेश के सम्भल में लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों पर शर्त लगाना दो युवकों को भारी पड़ गया। बीजेपी या सपा, बदायूं से कौन सी पार्टी जीतेगी, इस पर दोनों युवकों ने दो लाख 30 हजार रुपये की शर्त लगाई थी।

यहां तक कि दोनों ने इसका एफिडेविट भी बनवा लिया था। जैसे ही बात पुलिस तक पहुंची तो दोनों के

### अब नप गए दोनों

खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। एएसपी अनुकृति शर्मा ने कहा कि दोनों के खिलाफ जुआ एक्ट धारा-13 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

मामला रजपुरा थाना के गांव पतेई नासिर गांव का है। यहां रहने वाले विजेंद्र और नरेश के बीच अपने-अपने पसंदीदा कैंडिडेट को लेकर शर्त लगी थी। बदायूं सीट पर विजेंद्र ने भाजपा के दुर्विजय शाक्य पर दांव खेला था। तो नरेश ने सपा के आदित्य यादव पर।

अगर दुर्विजय शाक्य चुनाव जीतते तो जीत की रकम विजेंद्र को मिलती। अगर आदित्य यादव जीतते तो जीत की रकम नरेश को मिलती। लेकिन 4 जून को चुनाव के नतीजे आने से पहले दी विजेंद्र और नरेश पर एफआईआर दर्ज हो गई।

## यूपी के स्कूल की बड़ी घोषणा : लखनऊ में 20 मई को डाले जाएंगे वोट

# वोट डालिए, बच्चों को 10 नंबर एक्स्ट्रा मिलेंगे

**यूनिक समय, लखनऊ।** देश में लोकसभा चुनाव 2024 अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है। पहले चरण से शुरू हुआ मतदान अब पांचवें चरण पर पहुंचने वाला है, जिसके लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यूपी के स्कूल ने बड़ी घोषणा की है। अगर माता-पिता वोट डालेंगे तो उनके बच्चों को 10 नंबर एक्स्ट्रा मिलेंगे। साथ ही मतदान करने पर स्टाफ को वेतन का भुगतान किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के लखनऊमें पांचवें चरण में 20 मई को वोटिंग होगी। मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए लखनऊ के स्कूल ने अभिनव पुरस्कार देने का ऐलान किया है। जिनके माता-पिता मतदान करेंगे, उनके बच्चों को एग्जाम में 10



अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे। साथ ही चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले स्कूल के टीचरों और कर्मचारियों को एक दिन का एक्स्ट्रा वेतन भी देगा।

लखनऊ में सेंट जोसेफ कॉलेज ने छात्र-छात्राओं को 10 नंबर एक्स्ट्रा देने की घोषणा की है। इसके लिए बस उनके परिजनों को वोट डालना पड़ेगा। सेंट जोसेफ कॉलेज के स्टाफ वोट डालने जाएंगे तो उन्हें एक दिन का अतिरिक्त वेतन भुगतान किया जाएगा। साथ ही यह बताया गया है कि छात्रों को एक विषय में 10 नंबर अतिरिक्त मिलेंगे या फिर अलग-अलग विषयों में।

सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि 10 एक्स्ट्रा नंबर एक ही विषय में मिल सकते हैं या फिर अलग-अलग विषयों में नंबर को बांटा जा सकता है।

आपको बता दें कि यूपी की लखनऊ लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है।

भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि समाजवादी पार्टी ने रविवाद मेहरोत्रा को टिकट दिया। वहीं, बहुजन समाज पार्टी ने सरवर मलिक को उम्मीदवार बनाया है। सोमवार को सभी उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी।

UNICOM ADVERTISING
BOOK YOUR CLASSIFIED ADS IN JUST 3 Easy Steps
CALL +91 9837115157
E-MAIL Send Advertisement Details to: informunicom@gmail.com
PAY Online through-PAYTM

## सार संक्षेप

### कटरा के नजदीक टैंकर और बस की टक्कर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के कटरा में टैंकर और बस की टक्कर में 6 यात्री घायल हुए है। बस में 45 यात्री सवार थे। कटरा के साथ लगते गांव चंबा में हादसा हुआ। घायलों को कटरा के अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है। यात्रियों से बरी बस कटरा से श्रीनगर-पहलगाम जा रही थी। वहीं दूसरी ओर से तेज रफ्तार से पानी का टैंकर आ रहा था, जिससे बस टकरा गई।

### छत्तीसगढ़ के कोरबा में तेंदुए के साथ हैवानियत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में कटघोरा वन मंडल के राहा में तेंदुए का शिकार करने के मामले में खुलासा हुआ। वन विभाग की टीम ने रामकछार निवासी बाप-बेटे और तीसरा आरोपी उनके समधी को हिरासत में लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर देकर तेंदुए का शिकार करने की पुष्टि हुई है। आरोपियों से फंदा, ब्लेड और जहर की पुड़िया भी बरामद हुई है। शिकार जहर देकर किया गया। आरोपी तेंदुए का नाखून, दांत और कई अंग काटकर ले गए थे। आरोपी के बछड़े का तेंदुए ने शिकार किया था, जिससे आक्रोशित होकर घटना को अंजाम दिया गया।

### माधवी लता पर हमला करने के मामले में कार्रवाई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हैदराबाद में भाजपा उम्मीदवार माधवी लता पर कथित हमले के मामले में एआईएमआईएम पार्टी के युवा नेता और याकूतपुरा निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी यासर अराफात और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुगलपुरा पुलिस ने माधवी लता के अनुयायी नसीम की शिकायत पर धारा 147, 506, 509, 149 के तहत मामला दर्ज किया है। यासिर अराफात ने समर्थकों के साथ बीबी बाजार में लोकसभा चुनाव मतदान के दिन मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रही माधवी लता की कार को रोक दिया था। पुलिस आरोपियों को 41 सीआरपीसी का नोटिस जारी करेगी।

### चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन व्यवस्था पर रोक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चारधाम यात्रा करने वालों के लिए खबर है। चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन व्यवस्था पर रोक लगा दी गई है। लोग 31 मई तक वीआईपी सिस्टम के तहत दर्शन नहीं कर पाएंगे। वहीं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी 19 मई तक बंद रहेंगे। खराब मौसम और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

# अगले पांच दिनों तक इन राज्यों में सताएगी जानलेवा लू और गर्मी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले पांच दिनों तक राजस्थान के कुछ इलाकों, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में 17 मई से लेकर 21 मई तक गर्म हवाएं चलेंगी।



इन दिनों देश के कई इलाके भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं हरियाणा के सिरसा में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शुक्रवार को देश के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, देश के कई स्थानों पर तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से लेकर 46 डिग्री सेल्सियस तक रहा। खासकर राजस्थान के अधिकतर इलाकों में, दक्षिणी हरियाणा के कुछ जिलों में, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 2-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि 18 मई से पूर्वी और मध्य भारत में भी गर्मी का दौर शुरू हो जाएगा। विभाग ने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधित चिंता पर जोर दिया गया है। चेतावनी में कहा गया है कि लंबे समय तक धूप में रहने वाले या भारी काम करने वाले लोगों में गर्मी से संबंधित बीमारियां बढ़ने की आशंका है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले पांच दिनों तक राजस्थान के कुछ इलाकों, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में 17 मई से लेकर 21 मई तक गर्म हवाएं चलेंगी। उत्तर मध्य प्रदेश में 18 मई से 21 मई तक लू (हीट वेव) चलने की चेतावनी जारी की गई है। पश्चिमी राजस्थान, पंजाब और हरियाणा और दिल्ली के कुछ इलाकों में 18-21 मई के बीच जानलेवा लू चलने की आशंका है। वहीं उप-हिमालयी इलाकों और पश्चिम बंगाल में 17 मई को उमस और गर्मी से लोग बेहाल रहेंगे।

### रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा अधिकतम तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, तमिलनाडु, पुदुचेरी, कराईकल के कुछ इलाकों में 17 से 21 मई के बीच भारी बारिश की आशंका है। साथ ही 20 मई को केरल में भी भारी बारिश का अनुमान है।

दरअसल तमिलनाडु के दक्षिणी तट पर चक्रवाती तूफान के असर से यह बारिश होगी। बारिश के साथ ही 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। साथ ही अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तटीय कर्नाटक, दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक और केरल में भी भारी बारिश का अनुमान है। दक्षिण पश्चिमी मानसून अंडमान सागर में आगे बढ़ रहा है और जल्द ही इसके केरल पहुंचने की संभावना है।

## मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के चार सदस्य गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अधिकारी ने बताया कि उनके पास से पांच मोबाइल हैंडसेट, दो नौ मिमी पिस्तौल, पांच डिमांड लेटर, 5.56 मिमी के 20 गोला बारूद और 7.62 मिमी के चार गोला बारूद बरामद किए। पुलिस ने पश्चिमी इंफाल जिले से केसीपी संगठन के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया है। मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित संगठन कंगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के चार उग्रवादियों को मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स ने मिलकर गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने येरीपोक बाजार क्षेत्र में एक अभियान चलाकर उन्हें पकड़ा। अधिकारी ने बताया कि उनके पास से पांच मोबाइल हैंडसेट, दो नौ मिमी पिस्तौल, पांच डिमांड लेटर, 5.56 मिमी के 20 गोला बारूद और 7.62 मिमी के चार गोलाबारूद बरामद किए। पुलिस ने पश्चिमी इंफाल जिले से केसीपी संगठन के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी इंफाल इलाके के पाओना और थंगल बाजार में स्थित दुकानों से जबरन वसूली में शामिल थे। उनके आवास से चार जिंदा गोला बारूद समेत एक 0.32 पिस्तौल बरामद किए गए हैं।

एफआईआर में स्वाति मालीवाल के आरोप

## मुझे सात-आठ थप्पड़ मारे, शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** स्वाति ने एफआईआर में कहा है कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन बिभव नहीं रुके। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया।

आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कुछ दिनों पहले आरोप लगाए थे कि उनके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर सीएम के सहयोगी बिभव कुमार ने मारपीट और बदसलूकी की थी। इस मामले पर आज शुक्रवार को पुलिस ने स्वाति मालीवाल के मजिस्ट्रेट के समाने कलमबंद बयान दर्ज कराए। स्वाति मालीवाल ने एफआईआर में बिभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं तब भी बिभव नहीं रुके। स्वाति ने बताया कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्यसभा की एक सांसद के साथ केजरीवाल के करीबी ने बदसलूकी की। इसके बावजूद दिल्ली के मुख्यमंत्री अब तक चुप हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन बिभव कुमार उनके साथ लखनऊमें घूम रहे थे।

## टीएमसी के दो नेताओं के ठिकानों पर रेड

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 2 नेताओं के घरों में रेड की। यह रेड 2021 में पश्चिम बंगाल के विधान सभा चुनाव में हुई हिंसा को लेकर की गई। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2021 में चुनाव के बाद हिंसा में एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई थी, जिसकी जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के काथी में दो तृणमूल कांग्रेस नेताओं के आवासों पर छापेमारी की गई।

सीबीआई अधिकारियों की एक टीम ने जांच के सिलसिले में शुक्रवार तड़के काठी ब्लॉक नंबर 3 टीएमसी नेता देबब्रत पांडा और एक ब्लॉक अध्यक्ष नंददुलाल मैती के घर पर छापा मारा। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान हुई हिंसा में बीजेपी के कार्यकर्ता जन्मेजय दोलुई की हत्या हो गई थी। सीबीआई अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि, "जन्मेजय दोलुई की हत्या के संबंध में दर्ज एफआईआर में नंददुलाल और देबब्रत पांडा के साथ ही 52 और लोगों को नामित किया गया है। सीबीआई अधिकारी ने कहा कि मामले के संबंध में 30 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था लेकिन कोई भी नहीं आया। जिसके बाद अब सीबीआई ने जानकारी दी कि नामित आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## छापेमारी में बीड का इंस्पेक्टर निकला धन कुबेर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को बीड जिला पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग के इंस्पेक्टर हरिभाऊखाड़े के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिसवाले के घर से करोड़ों रुपये नकद बरामद हो चुके हैं। बता दें कि ईओडब्ल्यू इंस्पेक्टर हरिभाऊखाड़े पर बीड में हुए जिजाऊमल्टीस्टेट घोटाले में एक कारोबारी पर आरोप लगाने से बचाने के लिए 1 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने और 5 लाख रुपये का घूस लेने का आरोप है। वहीं, मामले में हरिभाऊखाड़े फरार बताया जा रहा है।

बता दें कि कुछ दिन पहले बीड के जिजाऊमल्टीस्टेट में घोटाला हुआ था। केस दर्ज होने के बाद जांच आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को ट्रांसफर कर दी गई। इसमें एक कारोबारी के खाते में 60 लाख रुपये की रकम जमा हुई थी। ईओडब्ल्यू निरीक्षक हरिभाऊखाड़े और कांस्टेबल जाधव ने उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को दोषी ठहराने से बचाने के लिए 1 करोड़ रुपये की रिश्वत की मांग की। पर कारोबारी ने इस पर हाथ खड़े कर दिए और पैसे कम करने की गुजारिश की। समझौते के अंत में 30 लाख रुपये देने की सहमति बनी। इसके बाद एसीबी ने बुधवार रात एक आरोपी खुशाल जैन को 5 लाख रुपये की पहली किस्त लेते समय गिरफ्तार किया। बता दें कि खुशाल जैन एक कपड़ा व्यापारी है और ईओडब्ल्यू इंस्पेक्टर खाड़े का खासमखास आदमी है। फिर पूछताछ में इस मामले का खुलासा हुआ। फिर अधिकारियों ने इस मामले की पड़ताल शुरू की। इस बीच मामले की जानकारी मिलते ही हरिभाऊखाड़े और जादवार फरार हो गए। इसके बाद एंटी करप्शन टीम ने कोर्ट से वारंट मिलने के बाद बीड के चाणक्यपुरी इलाके में ईओडब्ल्यू अधिकारी हरिभाऊ खाड़े के घर की तलाशी ली। बता दें कि ईओडब्ल्यू निरीक्षक हरिभाऊखाड़े (52) को 15 मई को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बनाया गया था और उसके बाद से ही वह फरार हैं।

### छापे में मिली 1.08 करोड़ नकद, 72 लाख के गोल्ड बिस्किट और...

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmailÜcom website : uniquesamayÜcom सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053